19- MAY- BSP- PG-1_Layout 1 5/19/2024 11:53 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 40.6 डिग्री

न्यूनतम 26.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 20 मई 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया




श्रीकांत वर्मा मार्ग चौक पर पिछले छह महीने से नाले का चेम्बर खुला पड़ा है। इससे यहां हमेशा हादसा होने का डर बना रहता है।

## खबर संक्षेप

### लाखों खर्च कर लगाए गए पौधे सूखे



**बिलासपुर।** तिफरा ओवरब्रिज के नीचे लाखों रुपए खर्च कर पौधे लगाए गए थे। इसका उद्देश्य ब्रिज के निचले हिस्से को बेजा कब्जा से बचाना तो था ही, आसपास का पर्यावरण स्वच्छ करना भी था, परन्तु पौधे लगाने के बाद इसकी देखरेख नहीं की गई। पौधों को पानी नहीं दिया गया, नतीजा यह है कि ये पौधे लगभग सूखकर खराब हो चुके हैं। इससे कुछ दिनों पहले तक हराभरा दिखने वाला ब्रिज के नीचे का हिस्सा अब उजाड़ नजर आने लगा है। यदि ठीक से इसका रख रखाव किया जाए तो गर्मी के बाद यहां फिर से हरियाली आ सकती है।

### रोड डिवाइडर पर लगे पौधे गायब



**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा शहर की सड़कों पर बनाए गए रोड डिवाइडरों पर पौधे लगवाए गए हैं। कुछ जगहों पर इन पौधों की देखरेख की जा रही है, जिससे पौधे बड़े हो गए हैं। मंगला चौक के पास गौरव पथ पर लगाए गए पौधे हरेभरे नजर आते हैं, इसी तरह इमलीपारा रोड पर भी हरियाली है, परन्तु कई सड़कें ऐसी भी हैं, जहां देखरेख के अभाव में पौधे गायब हो गए हैं। जरहाभाठा स्थित राजीव गांधी चौक के पास डिवाइडर के पौधे गायब हो गए हैं। निगम द्वारा यहां दूसरे पौधे भी नहीं लगाए गए हैं।

### चौराहे पर आटो वालों का कब्जा, ट्रैफिक जाम



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक पर आटो और बस वालों के कब्जे के कारण ट्रैफिक अव्यवस्थित रहता है। गौरव पथ पर एक ओर आटो चालक कब्जा कर लेते हैं तो दूसरी ओर बस चालक, सड़क के दोनों ओर सामान्य वाहन चालकों को चलने की जगह नहीं मिलती। इसी तरह राजीव गांधी चौक की ओर जाने वाले कोने पर भी आटो चालकों का कब्जा रहता है। चौराहे पर ट्रैफिक के जवान तैनात रहते हैं, ये जवान आटो चालकों व बस चालकों को हटाते नहीं हैं।

### सड़क किनारे से नहीं हटाए गए ठेलेवाले



**बिलासपुर।** शहर के बृहस्पति बाजार, देवकीनंदन चौक, शनीचरी बाजार में बिलासा चौक सहित कई चौराहों पर अब भी ठेलेवालों का कब्जा रहता है। ये ठेलेवाले सड़क किनारे कतार से ठेले खड़े करते हैं, इसी तरह कई फुटकर व्यापारी सड़क के किनारे दुकान लगा लेते हैं। इससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम होता है। निगम के अधिकारी समय समय पर कार्रवाई करते हैं, उसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरती है। जेल रोड से बृहस्पति बाजार जाने वाली सड़क के दोनों ओर ठेले वालों ने स्थाई कब्जा कर लिया है।

- शनिचरी में 119 दुकानों पर अवैध निर्माण, चबूतरों पर बिना अनुमति तन गईं दुकानें, ना कोई नियम ना कायदा, कार्रवाई भी नहीं
- शास्त्री बाजार, गोलबाजार, बृहस्पति बाजार, चांटीडीह सब्जी मंडी राजीव प्लाजा, पुराना बस स्टैंड, व्यापार विहार में भी यही हालात






**बेजा निर्माण** व्यापार विहार में दुकानों के लिए चबूतरा आबंटित किया गया था, जिस पर पक्के मकान बना लिए गए हैं।

# चबूतरों पर बन गई पक्की दुकानें बिना अनुमति डबल स्टोरी का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिचरी स्थित किराएदारी पर चल रही नगर निगम की 119 दुकानों पर अवैध निर्माण का पता चला है। वहीं चबूतरों में शत-प्रतिशत अवैध निर्माण पाया गया। शनिचरी सब्जी मंडी के चबूतरों में शेड और शटर लगाकर उसे पक्की दुकान का रूप दे दिया गया है। मजेदार बात यह है कि ये अवैध निर्माण वर्षों पहले किए गए हैं, परंतु इसका सर्वे कुछ दिन हुआ और बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसके साथ शास्त्री बाजार, गोलबाजार, बृहस्पति बाजार, चांटीडीह सब्जी मंडी, राजीव प्लाजा, पुराना बस स्टैंड, व्यापार विहार सहित कुछ अन्य इलाकों में निगम के चबुतरे पक्के दुकान बन गए हैं तो जो सिंगल स्टोरी दुकान थे उनको बिना अनुमति के दो मंजिला बना दिया गया है। अब निगम इन पर भी कार्रवाई की बात फिर से कह रहा है। हालांकि इससे पहले भी कई बार सर्वे और नोटिस तक का खेल हो चुका है।

निगम का संपदा विभाग नगर निगम की दुकानों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए नापजोख करने की बात कह रहा है। जांच की जवाबदारी अपर आयुक्त खजांची कुम्हार को जिम्मे है। ध्यान रहे कि नगर निगम के पास कुल 2286 दुकानें हैं। यह दुकानें शनिचरी बाजार, शास्त्री बाजार, गोलबाजार, बृहस्पति बाजार, चांटीडीह सब्जी मंडी, राजीव प्लाजा, पुराना बस स्टैंड, व्यापार विहार सहित कुछ अन्य इलाकों में हैं। इन दुकानों में सबसे ज्यादा फेरबदल शनिचरी बाजार और सब्जी मंडी की दुकानों में मिली है। सब्जी मंडी के अंदर जिन्हें चबूतरा आवंटित किया गया है उन्होंने आपसी सहमति बनाकर चबूतरे के ऊपर टीन का शेड और तीन तरफ से शटर लगवा लिए। कुछ दुकानदारों ने पक्का निर्माण भी कर लिया। ऐसा एक दो नहीं लगभग सभी सब्जी व्यापारियों ने किया। कुछ ने चबूतरों में पक्का निर्माण भी कर लिया है।

### दस्तावेज लिए जा रहे हैं

कुछ दुकानों और चबूतरों में अवैध निर्माण की जानकारी मिली है। संपदा विभाग नगर निगम की इन दुकानों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए नापजोख करेगा। दुकानदारों से उनके दस्तावेज लिए जा रहे हैं।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त

### 98 चबूतरों में गड़बड़ी मिली

जांच में इसका खुलासा होने के बाद अब इसका फिर से परीक्षण कराने की बात हो रही है। इसमें जांचा जाएगा कि कराए गए निर्माण के संबंध में कितने लोगों ने अनुमति ली है। इसके साथ ही बाजार के अंदर ही कुछ पक्की दुकानें है जिन्होंने दुकान के ऊपर की मंजिल भी बना ली है। ऐसा शनिचरी मुख्य मार्ग पर भी हुआ है। ज्ञात हो कि शनिचरी बाजार में नगर निगम की 801 दुकानें हैं। इनमें से 119 दुकानों में अवैध निर्माण मिला है। इसी प्रकार 112 चबूतरे हैं। इनमें से ज्यादातर चबूतरों पर पक्का निर्माण हो चुका है। इनमें 98 चबूतरों में गड़बड़ी मिली है। अन्य बाजारों में जांच की कार्रवाई अभी नहीं की गई है जो करने की बात कही जा रही है।

### नए कंस्ट्रक्शन हो गए हैं या हो रहे हैं

निगम के मुताबिक सालों पहले जब यह दुकानें आवंटित की गईं थी उस समय दुकान की साइज क्या थी यह रिकार्ड निकालकर अमला नापजोख करेगा। अपर आयुक्त ने निगम की टीम को निर्देशित किया है कि वे दुकानों और सब्जी के लिए आवंटित चबूतरों की वर्तमान स्थिति क्या है यह दर्ज करे। उसका पूरा रिकार्ड एकत्र करें। अगर किसी दुकान में बदलाव नजर आता है तो वह कब और किसके आदेश से किया गया है इसका भी पता लगाएं। चबूतरों पर अगर दुकान बने होंगे तो वे किसके आदेश और कब बने हैं। दुकानों के साइज तो नहीं बदली हैं। दरअसल निगम आयुक्त के पास ऐसी ढेर सारी शिकायतें आ रही है कि बहुत से दुकानदारों ने बिना अनुमति के दुकानों में अवैध निर्माण कर लिया है।

### रपटा चौक के पास बन गईं दो अवैध दुकानें

वैसे शनिचरी बाजार को देखा जाए तो यह स्पष्ट दिखाई देता है कि दुकानों के ऊपर नए कंस्ट्रक्शन हो गए हैं या हो रहे हैं। दुकानदारों से उनके दस्तावेज लिए जा रहे हैं। फिलहाल तो नापजोख के रिकार्ड ही रखने कहा गया है, आगे की कार्रवाई नापजोख पूरा होने के बाद ही की जाएगी। रपटा पुल के पास दो दुकानें बिना अनुमति के बन गईं और बेखौफ उसमें थोक फल का कारोबार किया जा रहा है। ध्यान रहे कि शनिचरी इलाके में सड़क बनाने के लिए निगम ने तोड़फोड़ की लेकिन उसके उलट बाल्मिक चौक और रपटा के बीच में नगर निगम के दो दुकानों का अवैध निर्माण इसी बीच कर लिया गया। इन दुकानों को बकायदा किराए में देकर महीने में हजारों रुपयों की अवैध वसूली भी की जा रही है।



### जगमगाने लगी सड़क...

**बिलासपुर।** बेजा कब्जा मुक्त करवाकर मंगला चौक महावीर नगर से उसलापुर ओवरब्रिज तक सड़क बनाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। सड़क के दोनों ओर नाली बनने के बाद डामरीकरण का कार्य अंतिम चरण में है, वहीं इस सड़क पर आकर्षक स्ट्रीट लाइट भी लगाई जा रही है। एक ओर की लाइट जलते ही सड़क जगमगाने लगी है। चौड़ी सड़क पर इन दिनों मुख्य मार्ग से अधिक ट्रैफिक देखी जा रही है। आने वाले दिनों में कार्य पूर्ण होने पर शहर के लोगों को नई सुविधा व सौगात मिलेगी।

# बृहस्पति बाजार में बुलडोजर चलाने की तैयारी, विरोध

डीएमएफ मद से बृहस्पति बाजार को हटाकर आधुनिक सब्जी बाजार बनाने की तैयारी चल रही है, यहां बहुमंजिला भवन बनाने के लिए चबूतरे हटाए जाएंगे, इसके पूर्व सब्जी व्यापारियों को अस्थाई रूप से शिफ्ट किया जाएगा। इसकी जानकारी मिलते ही योजना का विरोध शुरू हो गया है।

जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा बृहस्पति बाजार के वर्तमान स्वरूप को बदलने की योजना बनाई ई है। प्रस्तावित योजना के अनुसार यहां डीएमएफ मद से लगभग 12 करोड़ रुपए खर्च कर आधुनिक सब्जी बाजार बनाया जाना है, इसमें नीचे बेसमेंट पार्किंग होगी, ताकि बाजार जाने वालों के वाहन वहां खड़े हों और ऊपर सब्जी की दुकानें होंगी। इससे चौराहे पर ट्रैफिक जाम होगा। भवन बनने तक अस्थाई रूप से सब्जी व्यापारियों को शिफ्ट करने की योजना है। निगम अधिकारियों के अनुसार फिलहाल यह योजना ही बनी है, पहले व्यापारियों से इस संबंध में चर्चा की जाएगी, उसके बाद कार्य आरंभ किया जाएगा। इधर जानकारी मिलते ही सब्जी व्यापारियों ने इस योजना का विरोध शुरू कर दिया है। सब्जी व्यापारियों ने पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय से मिलकर इसकी जानकारी दी है। सब्जी व्यापारियों ने निगम अधिकारियों पर धमकी देने का आरोप भी लगाया है। सब्जी विक्रेताओं को अस्थाई तौर पर मिशन स्कूल के खेल मैदान में सब्जी दुकान के लिए जगह दी जा रही है, सब्जी विक्रेता इसका विरोध कर रहे हैं।

- डीएमएफ से बनना है आधुनिक सब्जी बाजार
- बेसमेंट पार्किंग व दुकानें बनाने की है योजना

### रोजी रोटी छीनने की तैयारी : पाण्डेय



बृहस्पति बाजार में आधुनिक सब्जी बाजार बनाने की योजना की आलोचना करते हुए पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय ने कहा है कि नगर निगम एक बार फिर शहर में छोटे सब्जी विक्रेताओ की रोजी-रोटी छीनने की तैयारी कर रहा है। बृहस्पति बाजार में नगर निगम के द्वारा दुकानदारों को हटाकर बहुमंजिला व्यवसायिक परिसर की तैयारी की जा रही है। यह योजना जनहित में नहीं है। बृहस्पति बाजार को तोड़कर कांप्लेक्स बनाए जाने से अब बृहस्पति बाजार की 700 से अधिक दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। पूर्व विधायक श्री पांडे ने कहा है कि अधिकारियों ने सब्जी दुकानदारों को जो मॉडल दिखाया है वह व्यावहारिक नहीं है । दुकान भी छोटी है, रास्ता भी नहीं है और महिलाएं तथा बुजुर्ग पहली मंजिल में जाकर सब्जी कैसे खरीदेंगे । उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होगी। सब्जी दुकानदारों को बृहस्पति बाजार से हटाया जाना उचित नहीं है। उन्होंने बृहस्पति बाजार जाकर यहां का जायजा लिया। दुकानदारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

### निगम अधिकारियों ने दी धमकी : केशरवानी

बृहस्पति बाजार व्यापारिक संघ के अध्यक्ष अनुराग केसरवानी का कहना है कि जब निगम के अधिकारी सब्जी विक्रेताओं को बुलाकर बातचीत कर रहे थे तो वे दुकानदारों को धमका रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि जैसा बस स्टैंड खाली कराया है वैसा बृहस्पति बाजार भी हम खाली करा लेंगे। उनका कहना है कि मिशन स्कूल के खेल मैदान में हम दुकान कैसे लगा सकते हैं, यहां तो पार्किंग भी नहीं है।

### तोड़ी गई हैं बस स्टैण्ड की दुकानें

हाल ही में इमलीपारा रोड का चौड़ीकरण करने के लिए पुराना बस स्टैण्ड के पास 80 से अधिक दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया है। यहां के दुकानदारों को पुराना बस स्टैण्ड में दुकान लगाने के लिए अस्थाई जगह दी गई है, व्यापारी यहां दुकान नहीं लगा रहे हैं। दुकानों को तोड़े जाने के बाद यहां सड़क बनाने की तैयारी की जा रही है।

### डीएमएफ मद से होगा निर्माण

बृहस्पति बाजार में व्यवस्थित दो मंजिला सब्जी मार्केट बनना है। इसमें बेसमेंट पार्किंग होगी और ऊपर दुकानें बनेंगी। यह निर्माण डीएमएफ मद से किया जाना है। इसके संबंध में व्यापारियों से चर्चा की जाएगी।

**- प्रवीण शुक्ला,** कार्यपालन अभियंता नगर निगम

### मिशन स्कूल प्रबंधन ने किया विरोध

मिशन स्कूल की प्राचार्या टी पाल का कहना है कि नगर निगम ने अभी संबंध में कोई बात नहीं की है । इस स्कूल में 1400 बच्चे अध्ययनरत हैं। अगर अस्थाई तौर पर यहां खेल मैदान में सब्जी दुकान लगाई जाती है तो बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी स्कूल का संचालन ठीक से नहीं हो पाएगा। बच्चों के लिए खेल का मैदान नहीं होगा तो प्रशिक्षण कैसे प्राप्त करेंगे।

## रायगढ़, जीपीएम, बिलासपुर से जांच के लिए आए मात्र 6 प्रकरण

# साइबर थाना : 9 माह में आनलाइन ठगी के सिर्फ 7 मामले हुए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार आनलाइन ठगी के बढ़ते मामले को देखते हुए 9 माह पूर्व व्यापार व्यापार में रेंज स्तरीय साइबर थाना खोला गया है। अब तक इस थाने में मात्र 7 एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं रायगढ़, बिलासपुर, जीपीएम से ठगी के 6 मामले जांच के लिए आए हैं। इसमें से 2 मामले की जांच कर चालान पेश कर दिया गया है। सैकड़ों आनलाइन ठगी के मामले व शिकायतें डंप हैं। मामलो की जांच नहीं होने से पीड़ितों को न्याय मिल पा रहा है।

10 अगस्त 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा व्यापार विहार एसीसीयू कार्यालय में रेंज स्तरीय साइबर थाना का लोकार्पण किया गया था। यहां रेंज के किसी भी जिले में बड़ा आनलाइन ठगी व धोखाधड़ी का मामला होने पर एफआईआर लिखकर उसकी जांच की जानी है। इसके अलावा जिले के किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच के लिए साइबर थाना में जांच के भेजा जाना है। पुलिस विभाग के एसओपी के अनुसार, साइबर थाना में 5 लाख से अधिक के ठगी के मामले की एफआईआर व जांच के लिए प्रकरण भेजे जा सकते हैं। आलम यह है कि 9 माह में रेंज के साइबर थाना में मात्र ठगी के 7 मामले दर्ज हुए हैं। इसके अलावा बिलासपुर से 3, रायगढ़ से 2, जीपीएम से 1 प्रकरण जांच के लिए भेजा गया है। इसमें से मात्र 2 मामले की जांच कर चालान कोर्ट में पेश किया गया है। अब यहां 9 मामले में पेंडिंग हैं। बताया जाता है बल की कमी के चलते थाने में विवेचना नहीं हो पा रही है।

- आनलाइन ठगी के मामले में लोगों को नहीं मिल पा रहा न्याय

### रेंज स्तरीय थाने में 12 पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग

जिले में रेंज स्तरीय साइबर थाना खोल दिया गया है, यहां बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़, कोरबा, जीपीएम, मुंगेली, सारंगढ़, सक्ति जिला में होने वाले आनलाइन ठगी के मामले की जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान पेश करना है। आठ जिलों के मामलों की जांच के लिए यहां मात्र 1 टीआई, 1 एसआई, 1 एएसआई, 5 हवलदार, 4 आरक्षक की पोस्टिंग की गई है। जिससे यहां जांच के लिए प्रकरण नहीं भेजा जा रहा है।




**पेंडिंग मामलों की भरमार** व्यापार विहार स्थित साइबर थाने में रोजाना बड़ी संख्या में दर्ज हो रही शिकायतें।

### अलग से सेटअप

एसीसीयू के अलावा पृथक से साइबर थाना में आनलाइन ठगी के मामले की जांच के लिए सेटअप उपलब्ध कराया गया है। यहां अलग मेल आईडी, कप्यूटर, लैपटाप सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उसके बाद भी मामले की जांच ठंडे बस्ते में है।

### थानों में शिकायत डंप

साइबर थाना खुलने के बाद भी आनलाइन ठगी के शिकार लोगों को थानों का चक्कर काटना पड़ रहा है। प्रतिदिन थानों में आनलाइन ठगी के मामले में दर्ज हो रहे हैं। एफआईआर से ज्यादा आनलाइन ठगी के शिकायतें थानों में डंप हैं। थानों से आनलाइन ठगी के मामले साइबर थाना में जांच के लिए नहीं भेजे जा रहे हैं।

### लोग हो रहे ठगी के शिकार

पिछले कुछ सालों से आनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। दूसरे प्रदेशों में बैठे जालसाज मोबाइल के माध्यम से ईनाम मिलने, शादी करने, विदेश से गिफ्ट भेजने, आनलाइन नौकरी लगाने सहित कई तरह के झांसे देकर एक झटके में लोगों बैंक खाते में डाका डालकर जमापूंजी खाली कर रहे हैं। रोज पीड़ित शिकायत लेकर थाने पहुंच रहे हैं।

### थाने में टाइमपास

पूर्व में साइबर सेल द्वारा आनलाइन ठगी के मामले की जांच कर महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान, झारखंड, एमपी सहित अन्य राज्यों में 15 से 20 दिन कैम्प कर आनलाइन ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ा जा रहा था। किन्तु लंबे समय से साइबर सेल व साइबर थाना से ठगों को पकड़ने टीम बाहर नहीं जा रही है।

### 2 मामले का चालान पेश

साइबर थाना खुलने के बाद 13 आनलाइन ठगी के मामले की जांच की जा रही है। इसमें 2 मामले में आरोपियों को पकड़कर चालान पेश किया गया है। शेष पेंडिंग मामलों की जांच की जा रही है। यहां केवल 5 लाख से अधिक आनलाइन ठगी के मामलों की शिकायत की जाती है। अन्य मामलों की जांच थाना स्तर पर की जाती है।

**- राजेश मिश्रा**
साइबर थाना प्रभारी

19 MAY -BSP- pg-2_Layout 1 5/19/2024 11:43 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### रजक व बैसवारा समाज ने किया पद्मश्री बरेठ का सम्मान



**बिलासपुर।** पद्मश्री रामलाल बरेठ का रजक व बैसवारा समाज ने रविवार को उनके शैल विहार मंगला स्थित निवास पर जाकर सम्मान किया। समाज के सदस्यों ने श्री बरेठ का शाल एवं श्रीफल तथा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया और उनका आभार प्रकट करते हुए उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की है। इस अवसर पर रजक समाज बिलासपुर के अध्यक्ष ओम प्रकाश रजक एवं बैसवारा रजक समाज बिलासपुर के अध्यक्ष होरीलाल रजक (बाबा भाई) के साथ निलेश रजक, अखिलेश रजक, शिवचरण रजक, विजय चौधरी, रमेश रजक, राम कृपाल रजक, जग्गू रजक , दिल हरण रजक, जितेंद्र रजक, संतोष लाल, राजू रजक, बब्लू रजक सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। गौरतलब है कि नृत्य एवं कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री बरेठ को पद्मश्री सम्मान विभूषित किया है।

### भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की नि:स्वार्थ मित्रता वंदनीय है: पं मिश्रा



**बिलासपुर।** बिरकोना में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन प. नीरज मिश्रा ने भगवान कृष्ण



और सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जहां भगवान श्रीकृष्ण एक राजा थे, वहीं सुदामा एक अत्यंत दीन ब्राह्मण थे, परंतु दोनों की मित्रता सीख प्रदान करती है। श्रीकृष्ण अपने मित्र की सभी परिस्थितियों को जानते हैं फिर भी जब तक सुदामा सामने उनके दरवाजे पर नहीं आते तब तक उनकी कोई सहायता नहीं करते, क्योंकि वे जानते थे कि सुदामा की भक्ति निस्वार्थ भाव से है, वे स्वाभिमानी भी हैं, भगवान जो दे दिया उसी में संतुष्ट रहते थे। किसी के सामने हाथ फैलाना नहीं चाहते थे। श्रीकृष्ण की ब्राह्मण भक्ति भी प्रसंशनीय है । प. नीरज मिश्रा ने इसके पूर्व श्रीकृष्ण के आठ रानियों के विवाह की कथा, जरासंध भीम युद्ध की कथा, अनिरुद्ध की कथा आदि का विस्तृत वर्णन किया। श्रीमदभागवत कथा का आयोजन स्व. नरेन्द्र शर्मा की स्मृति में किया गया है।

### शिव महापुराण कथा का सहस्रधारा कपिला दर्पण के साथ हुआ समापन



**बिलासपुर।** संस्कृति स्व-सहायता समूह एवं मोहल्लेवासियों द्वारा बंधवापारा सरकंडा में संगीतमयी शिव महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा ज्ञानयज्ञ का चढ़ोतरी, विल्द वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा, कपिला दर्पण एवं भंडारा के साथ समापन हुआ। भण्डारे की व्यवस्था ओम दुर्गा उत्सव समिति की ओर से की गई थी। कथा ज्ञानयज्ञ में सैकड़ों लोगों ने भंडारे से प्रसाद लिया। कथावाचक आचार्य पं. हनुमान प्रसाद तिवारी देवरघटा ने विधि-विधान व मंत्रोच्चार से पूजा संपन्न कराई। मुख्य यजमान रामशरण, मांडवी पाण्डेय थीं। आयोजकों ने बताया कि शिव पुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से 7 बजे तक चल रही थी।

### शिव महापुराण कथा का सहस्रधारा कपिला दर्पण के साथ हुआ समापन



**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षिणक गतिविधियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। विश्वविद्यालय की प्रगति के संदर्भ में चर्चा करते हुए कुलपति श्री सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय को विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर ₹युगल डिग्री', ₹संयुक्त डिग्री₹ और ₹दोहरी डिग्री' कार्यक्रम शुरू करने की मंजूरी दी है। इस पहल में छत्तीसगढ़ का एक मात्र पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय शामिल है जिसे यह प्रतिष्ठित अवसर प्राप्त हुआ है। कुलपति श्री सिंह ने बताया कि पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ भागीदारी करके विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर स्तरीय कार्यक्रम पेश करेगा। विद्यार्थी एक ही समय में दोनों संस्थानों से डिग्री प्राप्त कर सकेंगे।

# औचित्यहीन पेंडिंग याचिकाओं का अब होगा खात्मा
# हाईकोर्ट ने बार एसोसिएशन व वकीलों से लिस्ट मांगी

### हाईकोर्ट में वर्तमान में साढ़े 88 हजार से अधिक मामले लंबित

### रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल ने 10 जून तक ऐसे प्रकरणों की सूची मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ज्यूडिशियल ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन व पंजीकृत अधिवक्ताओं को पत्र लिखकर ऐसी याचिकाओं की सूची मांगी है जिसका वर्तमान में अब औचित्य नहीं रह गया है। हाईकोर्ट ने ऐसे मामलों की सूची के लिए 10 जून तक का समय निर्धारित किया है। अधिवक्ताओं द्वारा पेश की गई सूची के बाद हाईकोर्ट द्वारा ऐसे प्रकरणों को नस्तीबद्ध करने की कार्रवाई की जाएगी। यह फैसला हाईकोर्ट में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लिया गया है। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में वर्तमान में साढ़े 88 हजार से अधिक मामले लंबित हैं।

ज्ञात हो कि हाईकोर्ट में दायर अमूमन सभी याचिकाओं में राज्य शासन प्रमुख पक्षकार है। राज्य शासन ने विभागवार ओआइसी भी तय कर दिया है। महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों से मिलकर जवाब दावा बनवाना और तय समय में कोर्ट के सामने पेश करना इनकी जिम्मेदारी है। लगातार इस बात की शिकायत मिल रही है कि राज्य शासन द्वारा तय समय पर जवाब दावा पेश नहीं किया जाता, जवाब दावा पेश हो जाता है तो संबंधित अधिकारी की गैर मौजूदगी के चलते समय मांग लिया जाता है।

समय पर जवाब पेश ना करने और सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट द्वारा मांगी जाने वाली जानकारी ना देने और इसके लिए मोहलत मांगने के कारण तय समय में याचिकाओं की सुनवाई नहीं हो पा रही है। इसी रफ्तार में लंबित प्रकरणों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। बढ़ती पेंडेंसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल ने कुछ इस तरह की व्यवस्था की है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा सीनियर एडवोकेट के चेंबर के अलावा हाई कोर्ट में वकालत करने वाले अधिवक्ताओं को इस संबंध में सूचित करने और सूची सौंपने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### न्यायालयों में लंबित मामलों की सूची

| | |
|---|---|
| हाईकोर्ट में कुल लंबित मामले | - 88,783 |
| सिविल के लंबित मामले | - 57,561 |
| क्रिमिनल के लंबित | - 31,222 |
| जिला न्यायालय में लंबित मामले | - 420286 |
| सिविल के लंबित मामले | - 80,251 |
| क्रिमिनल के लंबित मामले | - 3,40,035 |

### जिला न्यायालयों में सवा चार लाख मामले

प्रदेश के जिला न्यायालयों में चार लाख 20 हजार 286 मामले लंबित हैं। लंबित प्रकरणों को कम करने के लिए जिला अदालत में भी कार्ययोजना बनाई जा रही है। प्रदेश के सभी जिला कोर्ट में कमेटी बनाने के निर्देश हाई कोर्ट ने दिए हैं। पांच सदस्यीय समिति में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष होंगे। परिवार न्यायालय के प्रिंसिपल जज, सीनियर एडिशनल जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट या सीनियर सिविल जज सदस्य होंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव समिति के अतिरिक्त सचिव की भूमिका निभाएंगे।

### लिस्ट बनाने का कार्य जारी

हाईकोर्ट के निर्देश पर औचित्यहीन लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित करने की प्रणाली विकसित किया जाना है जिससे ऐसे लंबित प्रकरणों को सुनवाई के बाद निराकृत किया जा सके। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के निर्देश पर रिट, क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन, अवमानना प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों की लिस्ट बनाने का कार्य ज्यूडिशियल अफसर एवं हाईकोर्ट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है।

## छंटाई कर पेड़ की शाखाओं को बिजली के तारों पर लटकता छोड़ गए विभाग के कर्मचारी, लगी आग





**बिलासपुर।** रविवार को मेंटनेंस के लिए बिजली विभाग ने नेहरू चौक अजित जोगी निवास के सामने पेड़ों की छंटाई की और कटी हुई शाखाएं तारों व सड़क पर ही छोड़कर चले गए। इस दौरान तारों से उलझी पेड़ की शाखाओं में आग लग गई, जिसे बुझाया भी नहीं गया। हालांकि कुछ देर जलने के बाद आग बुझ गई, लेकिन आग भड़क जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां विद्युत तार पर लटके टहनियों की कटाई न होने से तेज हवा चलने पर शार्ट सर्किट होने का खतरा हमेशा रहता है।

### सड़क पर छोड़ी टहनियां

पेड़ों की छंटाई के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारी टहनियां सड़क पर ही छोड़कर चले गए, इससे आने जाने में लोगों को परेशानी हो रही है। दरअसल पेड़ की शाखाओं को काटने के बाद उसे सड़क से हटा देना था लेकिन उसे वहीं छोड़ दिया गया, जिसकी वजह से वहां की सड़क संकरी हो गई है।

## खाद्य विभाग और प्रशासन की बनी टीम, मसालों में घातक एथीलीन आक्साइड कीटनाशक की होगी जांच

# मसाले व पैकेटबंद खाने की चीजों में मिलावट
# 300 सैंपल में से 16 अनसेफ व 141 सबस्टैंडर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला सहित प्रदेश में दूध और पानी के बाद अब मसालों और खाने-पीने की कई जरूरी चीजों में मिलावट का खुलासा हुआ है। पिछले साल प्रदेश भर में 300 खाने-पीने की चीजों के सैंपल लिए, जिनमें 16 खतरनाक और 141 सब स्टैंडर्ड निकलने पता चला है। जांच में जिन 16 चीजों को अनसेफ की श्रेणी में रखा गया है, उनमें की जा रही मिलावट से कैंसर और पेट की कई गंभीर बीमारियों का खतरा है। दूसरी ओर हांगकांग और सिंगापुर द्वारा भारत के कुछ रसोई मसालों पर प्रतिबंध के बाद प्रदेश में भी जांच अभियान छेड़ा गया है। हर जिले में जांच के निर्देश खाद्य आयुक्त ने दिए हैं। सभी सैम्पलों की जांच लैब से कराई जाएगी। इन मसालों में खास तौर पर घातक एथीलीन आक्साइड कीटनाशक की जांच होगी। रिपोर्ट को एफएसएसएआई भेजा जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर भी खाद्य विभाग और प्रशासन की टीम बनी है। ज्ञात हो कि एथीलीन ऑक्साइड का इस्तेमाल मसालों में फूड स्टेबलाइजर के रूप में होता है। इसका लंबे वक्त तक सीमा से अधिक सेवन करने पर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा रहता है।

एफएसएसएआई ने पिछले साल अलग-अलग राज्यों से 988 सैंपल लिए थे। छत्तीसगढ़ से तीन सौ अलग-अलग चीजों के सैंपल कलेक्ट गए। अब रिपोर्ट आने से पता चला है कि खाने-पीने की चीजों में धूल के कण से लेकर हानिकारक कलर मिलाया जा रहा है। जांच के लिए लोकल मसालों के सैंपल के अलावा कुछ कंपनियों के मसाले भी लिए गए थे। जांच में नमकीन भी सब स्टैंडर्ड होने की पुष्टि हुई है।

### ट्रेन के पेंट्रीकार का पानी भी अमानक

पिछले माह कुछ ट्रेन में बिकने वाले बोतलबंद पानी भी अमानक निकलने की पुष्टि हो चुकी है। लैब की जांच में इसे स्वास्थ्य के लिए अमानक बताया है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस व ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के पानी में दूषित कण मिला है। फूड विभाग के अफसरों के अनुसार सस्ते के चक्कर में यात्री बोतलबंद पानी लेते हैं, लेकिन कंपनी लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। कुछ दिनों पहले छग व ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से बोतल जब्त किया गया था। इसे ही जांच के लिए कालीबाड़ी स्थित फूड विभाग के लैब में भेजा गया था।

### लीवर को नुकसान पहुंचाने वाले कलर

एफएसएसएआई ने प्रदेश के फूड विभाग के अधिकारियों की मदद से 2023-24 में लगभग एक साल तक अलग-अलग जिलों की दुकानों में बिक रहे मसाले व पैकेटबंद सामान का सैंपल कलेक्ट किया। इसके बाद उन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया। केवल मसाले के ही 35 से ज्यादा सैंपल लिए गए थे। उनमें ज्यादातर सैंपल मानक पर खरे नहीं उतरे। मसालों में लीवर व किडनी को नुकसान पहुंचाने वाले कलर मिले। इनमें धूल के कण के अलावा रस्सी के रेशे भी निकले।

### आटे और मैदे में भी मिलावट

नमकीन बनाने के लिए उपयोग किया गया तेल सब स्टैंडर्ड निकला। यही नहीं नमकीन बनाने के लिए उपयोग किए गए बेसन में लाखड़ी के अलावा मटर दाल के आटे भी मिलाए जाने की पुष्टि हुई। रायपुर में लोकल स्तर पर बेसन व गेहूं आटे की पैकिंग के दौरान मिलावट का खुलासा हुआ। अधिकारियों का कहना है गेहूं आटे में मैदे की मिलावट के सबूत मिले हैं। पैकेटबंद खाने की चीजों में नमकीन में मिलावट की पुष्टि हुई। यही नहीं कुछ सैंपल में एंटीबायोटिक भी मानक स्तर से ज्यादा मिला था।

### दूध में था जहरीला एल्फोटोक्सिन एम-1

सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी आफ इंडिया (एफएसएसएआई) की जांच में इसके पहले जहरीला एफ्लोटोक्सिन एम-1 मिला था। राज्य में 84 सैंपल लिए गए थे। इनमें पांच सैंपलों में यह जहरीला तत्व मिलने की पुष्टि हुई थी। डॉक्टरों के अनुसार यह लीवर, हार्ट व किडनी के लिए खतरनाक है। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर के अलावा 16 शहरों में से डिब्बे व पैकेटबंद सैंपल लिया गया था। 15 सैंपल सब स्टैंडर्ड निकला।

### लैब से जांच कराएंगे

सभी सैम्पलों की जांच लैब से कराई जाएगी। इन मसालों में खास तौर पर घातक एथीलीन आक्साइड कीटनाशक की जांच होगी। रिपोर्ट को एफएसएसएआई भेजा जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर भी खाद्य विभाग और प्रशासन की टीम बनी है। कुछ सैंपल भी लिए गए हैं।

- **आरए कुरुवंशी**, अतिरिक्त कलेक्टर

## 6 जगहों पर डाक्टर ही नहीं, शासन के नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

# मेडिकल असिस्टेंट के भरोसे जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों और आरएमए की नियुक्ति की गई है, लेकिन डाक्टर इन स्वास्थ्य केंद्रों से नदारद रहते हैं। वर्तमान में 6 केन्द्रों में डाक्टर नहीं होने से आरएमए ही डाक्टरों की भूमिका निभाते हुए जांच और इलाज कर रहे हैं। इससे मरीजों की जान से तो खिलवाड़ हो ही रहा है, शासन के नियमों की भी धज्जियां उड़ रही हैं।

शासन के नियमों के अनुसार ग्रामीण चिकित्सा सहायक यानी आरएमए द्वारा किसी भी मरीज की जांच, उपचार और चिकित्सा सुविधा नहीं दी जा सकती है। लेकिन जिले के पीएससी बरतोरी, अमागोहन, तखतपुर, जौंधरा, सीपत, कोटा में डाक्टरों की कमी बनी हुई है, ऐसे में यहां पहुंचने वाले मरीजों को आरएमए द्वारा ही अटेंड किया जा रहा है। खास बात ये है कि जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 68 डाक्टरों की नियुक्ति की गई है, इसमें 34 संविदा तौर पर दो साल के लिए पदस्थ हैं, लेकिन ज्यादातर डाक्टर सुदूर और आदिवासी इलाकों में जाना पसंद नहीं करते हैं, ऐसे में वहां आरएमए ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। कई बार ये सोनोग्राफी, एमआरआई और लैब टेस्ट के लिए भी पर्ची लिख देते हैं, जिससे निजी सोनोग्राफी और लैब वालों की चांदी कट रही है। बताया जा रहा है कि सालों से आरएमए इस काम को अंजाम दे रहे हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी सब कुछ जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### मरीज के साथ आम लोग भी परेशान

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर नहीं होने के कारण मरीजों के साथ साथ आम लोगों को भी परेशान होना पड़ता है। अनुभवी डाक्टर नहीं होने के कारण शव का पोस्टमार्टम और एमएलसी तक नहीं हो पाता है। इसके साथ ही आम लोगों को मेडिकल सर्टिफिकेट, आधार कार्ड त्रुटि, दस्तावेज सत्यापन आदि के लिए भटकना पड़ता है। संविदा डाक्टर भी इन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाने से कतराने लगे हैं, ऐसे में उनकी अनुपस्थिति में आरएमए ही लोगों के लिए डाक्टर बन रहे हैं।

### मेडिकल प्रैक्टिशनर नहीं आरएमए

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने आरएमए की गतिविधियों पर कड़ा एतराज जताया था और शासन को पत्र प्रेषित कर कार्रवाई की मांग की थी। दरअसल आरएमए द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मेडिकल प्रैक्टिशनर की तरह ही बरताव किया जाता है और फार्मेसिस्टों को पर्ची में लिखी शेड्यूल एवं दवाइयां मरीजों को देने के लिए बाध्य किया जाता है जबकि यह विधि मान्य नहीं है। संघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि आरएमए द्वारा प्रिस्क्रिप्शन लिखने पर दवा नहीं देने की बात कही है और इसके लिए शासन को 15 दिनों निर्देश जारी करने को कहा है।

### नियुक्ति के लिए भेजा गया पत्र

जहां डाक्टर नहीं है, वहां डाक्टरों की नियुक्ति के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया जाएगा। आरएमए को एमबीबीएस डाक्टर के सुपरविजन में ही कार्य करना है।

-**डॉ प्रभात श्रीवास्तव**
सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

## अब बदलेगी वन क्षेत्रों की तस्वीर

# 6 साल बाद वन विभाग को मिली कार्ययोजना

- कटघोरा को छोड़ बाकी हिस्से में निर्माण को मिली स्वीकृति




- बिलासपुर वृत में सालों से नहीं हो रहा है वन आधारित कार्य

**बिलासपुर।** वन संरक्षण और वन्यजीवों की बेहतर देखभाल के लिए कार्यायोजना 6 साल बाद बहाल हो चुकी है। अब फारेस्ट्री कार्य, कूप कटिंग, डेर्जट फारेस्ट में प्लांटेशन आदि कार्य कराए जा सकेंगे।

वन संरक्षण के लिए प्रति 10 साल का प्लान तैयार किया जाता है, जिससे क्षेत्र में विकसित वन का क्षेत्रफल बढ़ाया जा सके और वन्य जीवों के लिए बेहतर बायोडायर्वसिटी बन सके। इसके लिए कार्यायोजना की जरूरत होती है, जिसकी स्वीकृति बिलासपुर वन मंडल को मिल चुकी है। दरअसल क्षेत्र में वनों की खराब हालत के लिए कार्ययोजना का नहीं होना ही जिम्मेदार होता है। अब तक करोड़ों रूपए वन विभाग में आ रहे हैं, लेकिन वन को पुनर्जीवित करने की योजना ही ठंडे बस्ते में है। खास बात यह है कि वन विभाग ने कार्य योजना के सस्पेंड होने के बाद करोड़ों रूपए बहाकर पर्यावरण संतुलन बिगाड़ा है। मनमाने तरीके से नदी, नाले, नरवा को डायर्वट कराया गया और ज्यादातर रूपयों की बर्बादी कर दी है। अब बिलासपुर वन मंडल में वर्किंग प्लान की तर्ज पर ही निर्माण कार्य कराए जा सकेंगे। बिलासपुर, लोरमी, तखतपुर, कोरबा, जांजगीर जैसे जगहों पर वर्किंग प्लान काम कर सकेंगें, वर्तमान में कटघोरा वन परिक्षेत्र को छोड़ दिया गया है, आगामी दिनों में इसकी वर्किंग प्लान आने की उम्मीद है।

### ये काम थे बंद

विशालकाय पेड़ों को सुधारने के लिए कूप कटिंग की जरूरत पड़ती है, जिससे वनों में नए पौधे तैयार किए जा सके हैं, यह काम पूरी तरह से बंद है। इसके साथ ही डेट फारेस्ट एरिया में प्लानटेंशन पर ब्रेक लग चुका हुआ था। रूट प्लांटिंग भी बंद की गई थी। ऐसे में इतने सालों से वनों का संरक्षण का दावा करने वाले अधिकारी महज कोरी बात ही करते रहे हैं।

### मिल गई है स्वीकृति

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ही राज्य में कार्ययोजना लागू की जाती है, इसी के आधार पर ही वन क्षेत्रों का संवर्धन किया जाता है। अब तक यह बिलासपुर वन मंडल के अंतर्गत सस्पेंड थी, अब इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। भविष्य में इसके अनुसार ही कार्य किया जाएगा।

-**अभिनव कुमार**, एसडीओ
वन विभाग

### एफसीए समर कैंप प्रीमियर लीग में टाइटंस ने सुपर ओवर में बाजी मारी




**बिलासपुर ।** महाराणा चौक रिंग रोड 2 स्थित फाउन्डेशन क्रिकेट अकैडमी में इस वर्ष भी क्रिकेट कार्निवाल फॉर किड्स समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में अलग-अलग टीम बनाकर बच्चों के बीच मैच का अयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंत में एफसीए टाइटंस बनाम एफसीए इंडियंस के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए टाइटंस ने 121 रनों का लक्ष्य रखा। टारगेट का पीछा करने उतरी इंडियंस की टीम ने मैच टाई कराया, जिसका नतीजा सुपर ओवर से निकला। सुपर ओवर में इंडियंस ने 16 रन बनाए। अंतिम बाल पर टाइटंस ने 17 रनों के टारगेट को हासिल कर खिताब को अपने नाम किया। टूर्नामेंट में बेस्ट बल्लेबाज का खिताब सुयश गंगोत्री को मिला। बेस्ट बॉलर आदित्य विधानी , बेस्ट फिल्डर दर्श मखीजा, बेस्ट कीपर, लाव्या दावड़ा , यंगेस्ट खिलाड़ी सात्विक ताम्रकार को मिला। अंत में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दर्श मखीजा को दिया गया।

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर (छ.ग.) पिन 495001**
**प्रधान कार्यालय - नेहरू चौक सहकार भवन फोन- 07752-227520, 643528**
**Email ID - jskbm.bilaspur@gmail.com**

क्रमांक/स्टोर कक्ष/24-25/435 बिलासपुर दिनांक 17 .05 .2024

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर की शाखा बसस्टेण्ड को नगर पालिका निगम बिलासपुर के द्वारा न्यायलयीन आदेश के परिपेक्ष्य में तोड़े जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। तत्संबंध में शाखा बसस्टेण्ड का परिचालन खाताधारको एवं आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नवीन स्थल लक्की काम्पलेक्स, होटल प्रीत के पास (राजीव प्लाजा के बगल), शिव टॉकिज रोड, बिलासपुर से संचालन दिनांक 24 .05 .2024 से प्रारंभ हो जाएगा।

अत : नवीन शाखा भवन से संव्यवहार (लेन-देन) प्रारंभ होने तक शाखा बसस्टेण्ड के अंर्तगत आने वाले सभी खाताधारक एवं अन्य साधारण आमजन जो कि संव्यवहार करना चाहते है वह जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर की मुख्य शाखा (भूतल/अमानत), नेहरू चौक, शाखा सदर बाजार गोड़पारा, शाखा मंडी (जगमल चौक बिलासपुर) एवं शाखा सरकंडा से कर सकते है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर सम्मानीय खाताधारको को हुई असुविधा के लिये खेद प्रगट करता है।

कृपया सूचित होवें। **मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

19- MAY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 5/19/2024 11:49 PM Page 1


# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 20 मई 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





# महिलाओं, बच्चों ने पेश किए बंगाली, मराठी, हिंदी गीत, नृत्य

दिशारी महिला संगठन ने रविवार को सीएमडी चौक स्थित आईएमए हॉल में रंगारंग कार्यक्रमों के बीच उत्साह से वार्षिकोत्सव मनाया। इसमें संगठन की महिलाओं, बच्चों ने बंगाली, मराठी एवं हिन्दी गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को संगीतमय बना दिया। बच्चों द्वारा पारंपरिक वेश में पेश नृत्य का सभी ने आनंद लिया।





### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में गौरी बसुराय, आरती त्रिवेदी, भावना मिश्रा, शिवानी बोस, तृप्ति भट्टाचार्य, अंजना चौहान, सुलेखा पाण्डेय, सुलेखा दास, शर्मिला दत्ता, जया बोस, शुभ्रा सेन, इंदू सरकार संगठन की अन्य सभी सदस्यों, अभिभावकों की उपस्थिति रही।

**बिलासपुर।** कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीता घटक एवं नमिता घोष ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद विपुला दास, राखी घोष, सोमा दत्ता, मीता मुखर्जी, चुमकी चटर्जी ने स्वागत गीत एवं मौसमी पाली ने स्वागत नृत्य पेश किया। संगठन की अध्यक्ष राखी घोष ने संगठन का संक्षिप्त विवरण दिया और बताया कि संगठन की ओर से साल भर होने वाले पर्व, त्यौहारों को सेलीब्रेट किया जाता है। रविंद्र जयंती से कार्यक्रम की शुरूआत होती है। फिर गणेश पूजा, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट शिक्षिकाओं का सम्मान, नवरात्रि में कन्या भोजन कराया जाता है। 14 नवंबर को बच्चों के लिए ड्राईंग प्रतियोगिता कराई जाती है। अंत में सभी सदस्यों के लिए पिकनिक का आयोजन होता है। इसमें संगठन की सभी सदस्य उत्साह से भाग लेकर जमकर इंजॉय करती हैं। होली पर रंग-गुलाल खेलकर गिले-शिकवे भूलकर होली मनाई जाती है। सचिव रीना मुखर्जी ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। मंच संचालन सांत्वना दत्ता एवं आभार प्रदर्शन जोइता मुखर्जी घोष ने किया।

### नृत्य, गीत ने मोहा मन

वार्षिकोत्सव के दौरान मानवी विश्वास, चिंमय मंडल, समृद्धि बोस ने बंगला डांस, अनुज्ञा विश्वास, आराध्या पात्रा, टिवंकल पाण्डेय, श्रुति राय, सौमिली मलिक, प्रियोशमीता पाल, इशिता जोशी ने मराठी डांस, अनुशा दत्ता, अनुष्का घोष, संस्कृति शाहा ने गीत, देवांशी घोष ने गीत-नील दिगोन्ते...की धुन पर सोलो डांस, आयुषि पलीत एण्ड टीम ने ग्रुप सांग-ओ रे कला चंद..., मौमीता पलीत ने गीत-सोमारोहे इशो हे पोरोम...व शुभश्री सरकार ने गीत-गहन कुसुमे बंशी बजे.., ज्योता मुखर्जी घोष ने गीत-धाई श्याम रोक लेही...की धुन पर सोलो डांस पेश कर सभी का मन मोह लिया। नीता मुखर्जी ने कविता पाठ किया।

**एजुकेशन अपडेट**

## सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन का अंतिम दिन कल




**बिलासपुर।** सीबीएसई की ओर से क्लास 10वीं एवं 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित किया जा चुका है। ऐसे छात्र जो किसी विषय में प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे अपने अंकों का सत्यापन करवा सकते हैं। कॉपियों के पूनर्मूल्यांकन या कॉपी की फोटो कॉपी प्राप्त करने के लिए सीबीएसई की ओर से एप्लीकेशन विंडो ओपन कर दी गई है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 21 मई तक जारी रहेगी। रिजल्ट से असंतुष्ट छात्र-छात्राएं ऑनलाइन माध्यम से सीबीएसई cbse.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।सीबीएसई की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक पुनर्मूल्यांकन अथवा कॉपी की प्रति प्राप्त करने के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन किया जा सकता है। अन्य किसी भी माध्यम में फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उत्तर पुस्तिकाओं के री-वेरिफिकेशन के बाद बोर्ड की ओर से आपके लॉग इन पर नए अंक अपलोड कर दिए जाएंगे। छात्र ध्यान रखें कि वेरिफिकेशन के बाद प्राप्त अंक ही अंतिम माने जाएंगे।

**शिविर**

## मनुष्य को तीन बीमारियों से बचकर रहना है - बीके स्वाति



**बिलासपुर।** भगवान हम सब के पिता हैं तो हमें निरंतर खुश रहना चाहिए,भगवान ने इतना सब कुछ दिया है तो उतनी खुशी भी हमारे पास हो। खुशी की खुराक खाओ तो चिंता करने का मर्ज छूट जाएगा। चिंता वाले को नींद भी ठीक से नहीं आती है, जबिक हमें खुशी में रहना है। अकेले हैं तब भी खुशी में, और सबके साथ हैं तब भी खुशी में रहना है। खुश रहने वाला मजबूत बन जाता है। मनुष्य को स्वयं तीन बीमारियों से बचकर रहना है। पहला थकने की बीमारी, दूसरी चिंता की बीमारी और तीसरा है रूठने की बीमारी। परमात्मा की याद इन सब बीमारियों की दवा है।

उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय टेलीफोन एक्सचेंज रोड की मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन द्वारा केंद्रीय जेल में आयोजित सात दिवसीय तनाव मुक्त प्रबंधन के छठवें दिन सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने व्यक्त किए।

### आत्मा कर्म करने में पूर्णत: स्वतंत्र

संसार में अच्छे-बुरे दोनों ही प्रकार के कर्म होते हैं। बुरे कर्मों का फल दु:खदायी होता है तो क्या परमात्मा भी बुरे कर्म कराते हैं, जिससे कि अन्य आत्माओं को दु:ख प्राप्त हो। कोई आवेश में आकर किसी अन्य व्यक्ति की हत्या कर देता है तो क्या इस हिंसक कर्म का कर्ता भी परमात्मा को माना जाए। अत: यह स्मरण रहे कि प्रत्येक आत्मा कर्म करने में पूर्णतया स्वतंत्र है।

**समर कैम्प**

## रामजन्म से राज्याभिषेक तक की घटनाओं की बच्चों ने दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर में पंद्रह दिनों से चल रहे बाल संस्कार शिविर उड़ान का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। बीके गायत्री ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा 21 विंग के माध्यम से की जा रही सेवाओं की जानकारी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन की थीम पर आधारित गीत-बदला नहीं लेना किसी से, बदल के हमको दिखाना है.. पर नन्हें बच्चों द्वारा पेश नृत्य से हुआ। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रामायण, मोबाइल का दुष्प्रभाव बताती नाटिका, कविता आत्मविश्वास, रानी लक्ष्मीबाई को उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। तनु बहन, प्रीति बहन, गौरी बहन द्वारा पर्यावरण, मां, छत्तीसगढ़ महतारी गीतों पर पेश नृत्य ने सभी को भाव विभोर कर दिया। अंत में प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र, उड़ान मग, टोली देकर सम्मानित किया गया। रूपा व समीक्षा बहन ने सभी को टोली वितरित की। कार्यक्रम का संचालन गौरी और प्रीति बहन ने किया।

### गर्भ से ही शुरू हो जाती है श्रेष्ठ संस्कारों की नींव

बीके मंजू ने कहा कि बच्चों में श्रेष्ठ संस्कारों की नींव गर्भ से ही प्रारंभ हो जाती है। मां ही नर्स की भूमिका भी निभाती है। नर्सों की समर्पित सेवा को भी समाज कृतज्ञता की दृष्टि से देखता है।

## बौद्धिक शिक्षा के साथ कराया जा रहा योग

**बिलासपुर।** वनवासी विकास समिति बिलासपुर द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर तिलकनगर में अनसूचित जनजातीय बालक-बालिकाओं का 30 दिवसीय आवासीय शिक्षण वर्ग आयोजित किया गया है। इसमें उन्हें बौद्धिक शिक्षा के साथ ही अन्य कई गतिविधियां कराई जा रही है।

10 मई से आरंभ इस वर्ग में कक्षा 10 वीं और 12 वीं के साइंस विषय को पढ़ाया जा रहा है। वर्ग में विभिन्न शहरों से आए 55 बालिकाएं और 20 बालक शामिल हैं। इन बच्चों को पढ़ाई के अलावा योग-प्राणायाम व खेल कराया जा रहा है। शाम को बौद्धिक शिक्षा पर लेक्चर हो रहा है। स्वाध्याय के बाद आरती की जा रही है। वहीं सामाजिक व महिला संगठनों द्वारा बच्चों को बीच आकर नाश्ता व पैड का वितरण कर उन्हें आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद महादिक, चंद्रशेखर विठालकर, भुवन राज, श्रीकांत मोहरे, बहनों में मोना बोड़खे, स्वाती गुप्ता, छाया जैन, किरण सिंह, चुन्नी मौर्य का निरंतर सहयोग मिल रहा है।

**सशिमं में चल रहा जनजातीय बच्चों का आवासीय शिक्षण वर्ग**



### शिविर में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

पूरे वर्ग के दौरान प्रत्येक रविवार को कुछ अलग करने का प्रयास रहता है। इसी क्रम में पहले रविवार 19 मई को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। इसमें लायंस क्लब की ओर से होम्योपैथी चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं दी।

**अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप प्रतियोगिता**



## कप्तान आर्यन की अर्धशतकीय पारी से बिलासपुर ने जीता मैच

**बिलासपुर।** स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर का पहला मैच रायपुर के साथ हुआ। धमतरी के मैदान में रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 247 रन बनाए। जवाब में बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 161 रन ही बना पाई और रायपुर को पहली पारी में 86 रनों की बढ़त मिली। इसके बाद रायपुर ने अपनी दूसरी पारी में 56.3 ओवर में 133 रन बनाए। बिलासपुर की घातक गेंदबाजी से रायपुर की टीम बढ़त के बावजूद बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाई। रायपुर ने बिलासपुर के सामने 220 रनों का लक्ष्य रखा। इसके बाद बिलासपुर ने 220 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए बिलासपुर को शुरुआती झटके लगे। टीम के कप्तान आर्यन सिंह की अर्धशतकीय पारी और संजय कुमार पाटले के 30 रनों की बदौलत बिलासपुर ने ये मैच 57.4 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया। बिलासपुर की शानदार जीत पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव विंटेश अग्रवाल ,अनुराग बाजपेई, देवेंद्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, सुशांत रॉय, महेंद्र गंगोत्री ने बधाइयां दी।

### ये रहे मैच के निर्णायक

मैच के निर्णायक विकास भट्ट और उदित बक्सी स्कोरर मनोज तिवारी ऑब्जर्वर नवीन श्रीवास्तव है। बीएसपी की ओर से गेंदबाजी करते भविष्य थपलियाल ने 2 विकेट और अर्पित वर्मा ने एक विकेट प्राप्त किए। मैच के निर्णायक विकास भट्ट और उदित बक्सी स्कोरर मनोज तिवारी है। आज तीसरे दिन का खेल खेला जाएगा।

### सातवें विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी

कप्तान आर्यन सिंह और संजय कुमार पाटले के बीच सातवें विकेट के लिए 86 रनों की बहुमूल्य साझेदारी हुई। इस साझेदारी ने हार को जीत में बदल दिया। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आर्यन सिंह ने 62 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 57 रन बनाए। इसके अलावा संजय कुमार पाटले ने 30 रनों का योगदान दिया। वहीं पियूष चंद्रा ने 26 रनों का योगदान दिया। मैच के निर्णायक शैलेश उपाध्याय और कौशल वर्मा स्कोरर मोहम्मद जाकिर और ऑब्जर्वर शेख अनवर थे।

### उपेंद्र की शतकीय पारी से बिलासपुर की स्थिति मजबूत

स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर अपना दूसरा मैच बीएसपी के बीच रायपुर के आरडीसीए मैदान में खेला जा रहा है। बिलासपुर ने टॉस जीतकर बीएसपी को बल्लेबाजी करने दिया और बीएसपी की टीम 91.5 ओवर में 282 रन बनाकर आउट हो गई। इसके बाद बिलासपुर ने अपनी पहली पारी खेलते हुए दूसरे दिन का खेल खत्म होते तक 87 ओवर में 7 विकेट खोकर 391 रन बना लिए और 109 रनों की बढ़त बना ली। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए उपेन्द्र कुमार यादव ने शानदार शतक पूरा करते हुए 105 गेंदों में 112 रन बनाए। अदित्य श्रीवास्तव ने 113 गेंदों में 75 रन और आर्यन जायसवाल ने 72 रन बनाए। धनंजय नायक 66 रनों पर खेल रहे हैं और साथ में अखिलेश शर्मा 4 रन पर खेल रहे हैं। बीएसपी की ओर से गेंदबाजी करते हुए भविष्य थपलियाल और अर्पित वर्मा को तीन तीन विकेट प्राप्त हुए हैं।

**एकादशी पर निकाली गई निशान यात्रा, भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु**

## भगवान श्याम का दिल्ली के 111 किलो फूलों से नयनाभिराम श्रृंगार

**कार्नर न्यूज**

घोंघा बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में वैशाख शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी बड़े भक्ति भाव से मनाई गई। दिन की महत्ता को देखते हुए मंदिर में दिन भर विविध कार्यक्रम हुए। रात्रि भजन संध्या के बाद महाआरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। वहीं भगवान श्याम का इस बार दिल्ली के फूलों से भव्य नयनाभिराम श्रृंगार हुआ।



### श्रृंगार के बाद भक्तों ने किया दर्शन

भगवान श्याम का तुलसी, पुदीना, रजनीगंधा, सेवंती, देशी गुलाब, ऑर्चिट डच गुलाब, बैंगलोर गुलाब, गेंदा, दूर्वा सहित लगभग 111 किलो फूलों से श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के बाद भक्तों ने भगवान का दर्शन किया।

### मोहिनी एकादशी व्रत कथा

समुद्र मंथन से निकले अमृत को लेकर देवताओं और दानवों में खींचतान मची हुई थी। चूंकि ताकत के बल पर देवता असुरों को हरा नहीं सकते थे, इसलिए चालाकी से भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण कर असुरों को अपने मोहपाश में बांध लिया और सारे अमृत का पान देवताओं को करवा दिया। इससे देवताओं ने अमरत्व प्राप्त किया। वैशाख शुक्ल एकादशी के दिन यह सारा घटनाक्रम हुआ, इस कारण इस एकादशी को 'मोहिनी एकादशी' कहा जाता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोहिनी एकादशी के उपलक्ष्य में श्रीराम मंदिर तिलक नगर से निशान ध्वज यात्रा निकाली गई जो कि देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए श्याम मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। यहां गर्मी के बाद भी भक्तों ने विशेष उत्साह के साथ प्रभु को निशान मनोकामना ध्वज अर्पित किया। संध्या, आरती के बाद भजनों की सेवा के साथ भक्तों ने अपने आराध्य को खूब रिझाया। पूरे आयोजन में गर्मी को देखते हुए मंदिर अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल द्वारा भक्तों के लिए पूरे परिसर में 5 ठंडे पानी के फिल्टर की व्यवस्था की गई ताकि किसी भक्त को असुविधा न हो। भजन संध्या के बाद प्रभु की महाआरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया।



### रहा त्रिस्पृशा का दुर्लभ संयोग

पद्मपुराण के अनुसार यदि सूर्योदय से अगले सूर्योदय तक थोड़ी सी एकादशी, मध्य में पूरी द्वादशी एवं अन्त में किंचितमात्र भी त्रयोदशी हो, तो वह त्रिस्पृशा एकादशी कहलाती है। यदि एक त्रिस्पृशा एकादशी को उपवास कर लिया जाय तो एक सहस्त्र एकादशी व्रतों का फल प्राप्त होता है। त्रिस्पृशा एकादशी का पारण त्रयोदशी में करने पर 100 यज्ञों का फल प्राप्त होता है। प्रयाग में मृत्यु होने से तथा द्वारका में श्रीकृष्ण के निकट गोमती में स्नान करने से जो शाश्वत मोक्ष प्राप्त होता है, वह त्रिस्पृशा एकादशी का उपवास कर घर पर ही प्राप्त किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### मनमाने आचरण से नहीं मिलता सुख



**तखतपुर।** सांस्कृतिक भवन में संत रामपाल का आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में बताया कि जो व्यक्ति शास्त्रविधि को त्यागकर अपनी इच्छा से मनमाना आचरण करता है। उसको न सुख प्राप्त होता है, न सिद्धि प्राप्त होती है तथा न उसकी गति यानी मुक्ति होती है। मानव जीवन का मुख्य कर्तव्य जाप करना है। नाम का जाप 3 वर्ष के बच्चे से लेकर वृद्ध तक आसानी से कर सकता है। चलते फिरते भी कर सकता है लेटा लेटा व बैठकर भी नामो का जाप कर सकता है। कबीर परमेश्वर जी चारों युगों में नामांतर करके आते हैं सतयुग में सतसुकृत नाम से, त्रेतायुग मुनिन्द्र, द्वापरयुग में करुणामय कलयुग में अपने वास्तविक नाम कबीर साहेब कबीर परमेश्वर के नाम से प्रकट होते हैं। संत रामपाल के आध्यात्मिक कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग कोऑर्डिनेटर जगतदास महंत बिलासपुर जिला संयोजक तुलसी साहू, हीराराम साहू, दशरथ केवट, शंकर भारद्वाज ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ताराचंद साहू, चंद्रशेखर साहू, धनंजय केवट, अजय बंजारे, अश्वनी यादव, प्रकाश दास, दुर्गा वस्त्रकार, रवि दिव्यदर्शी, भरत केवट,सहित अन्य उपस्थित रहे।

### राजपूत क्षत्रिय समाज की बैठक



**तखतपुर।** राजपूत क्षत्रिय समाज इकाई का बैठक टिकरीपारा के ठाकुर भवन में आयोजित की गई। जिसमें नवयुवक मंडल का गठन तखतपुर इकाई अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर, क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी विनोद सिंह, भोला सिंह, ज्ञान सिंह की उपस्थिति में नवयुवक मंडल का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष आयुष सिंह ठाकुर को सर्व सहमति से बनाया गया। उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर,केशर ठाकुर, सचिव राहुल सिंह ठाकुर सहसचिव करन ठाकुर कोषाध्यक्ष उत्तम सिंह मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिंह संयोजक ईश्वर सिंह, संतोष सिंह व कार्यकारणी सदस्य हरीश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, चिंटू सिंह, हेमंत सिंह, देव सिंह, बागेश्वर सिंह, देव सिंह बंटी, वैभव सिंह , हरीश सिंह, सूरज सिंह, गजेंद्र सिंह, सूरज मानिक सिंह, वीरेंद्र सिंह, दीपक सिंह, हिमांशु सिंह, राहुल सिंह, कामता सिंह,वेंकेट सिंह, चुडामणि सिंह, शत्रुहन सिंह, दीपक सिंह ठाकुर बने। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आयुष सिंह ठाकुर ने कहा कि मई बचपन से समाज के हर सुख-दुःख के कार्यों को करते आया हूं अपनी पूर्ण निष्ठा के साथ इस नव गठित युवा टीम के द्वारा बड़े बुजुर्गों के निर्देशा अनुसार कार्य करेंगे।

### व्याख्याताओं की सूची त्रुटिपूर्ण, सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** प्रदेश में कार्यरत व्याख्याता की वरिष्ठता सूची 1 अप्रैल की स्थिति में प्रकाशित किया गया है जो बहुत ही त्रुटि पूर्ण है। प्रकाशित वरिष्ठता सूची में 100 ऐसे व्याख्याताओं के नाम सम्मिलित हैं जो या तो 1 अप्रैल 2024 को या उसके पूर्व सेवानिवृत हो चुके हैं। प्रकाशित सूची के कलम 6 में अंकित जन्मतिथि अनुसार 1 अप्रैल 1962 या पूर्व की जन्म तिथि वाले व्याख्याता अपने अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर 1 अप्रैल या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके है, को भी सूची में शामिल किया गया है जो त्रुटि पूर्ण है। सूची में कुछ व्याख्याताओं का नाम शामिल नहीं होने व मृतक के नाम शामिल होने की भी जानकारी है। संभाग में सहायक शिक्षक, उच्च वर्ग शिक्षकों की पदोन्नति के संबंध में कार्यालय में सहायक संचालकों के साथ चर्चा भी हुई। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रांताध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रांतीय संगठन मंत्री कामेश्वर बैरागी, प्रांतीय प्रवक्ता सुनील कौशिक, बिलासपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष विद्यानंद साहू, उपाध्यक्ष भूषण पांडे, मनमोहन कौशिक, मुंगेली जिला अध्यक्ष शरद उपाध्याय सहित अन्य व्याख्याता उपस्थित थे।

### जिला अस्पताल में मना ब्लडप्रेशर डे



**मुंगेली।** जिला अस्पताल सहित ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। ग्रामीणों के रक्तचाप की जांच कर उन्हे इस दिशा में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के निर्देशानुसार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्वाला प्रसाद कौशिक के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। डॉ. मनीष बंजारा ने बताया की दुनिया भर में उच्च रक्तचाप वाले अनुमानित 46 फीसदी लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें उच्च रक्तचाप है। इस अवसर पर उर्मिला सिन्हा, जलेश्वरी मिरे, मोनिका, त्रिवेणी, सुनीता दिवाकर उपस्थित रहे।

### शिविर में की गई 34 मरीजों की जांच



**मुंगेली।** सुदूर वनांचल ग्राम तिलईडबरा में 16 मई को क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 34 मरीजों की जांच की गई और उन्हें आवश्यकतानुसार दवाई एवं परामर्श दिया गया। जिला क्षय/कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि शिविर में टीबी के संदेहास्पद 2 मरीज, बीपी के 3 मरीज, कमजोरी के 8 मरीज, दाद के 3 मरीज, सर्दी-खांसी के 8 मरीज, आंख की समस्या के 2 मरीज, ऊल्टी के 1 मरीज, दस्त के 1 मरीज, एएनसी के 1 सहित 5 जनरल मरीज पाए गए। सभी मरीजों की जांच व उपचार कर दवाई एवं परामर्श दिया गया। साथ ही टीबी के संदेहास्पद मरीजों का बलगम जांच के लिए सैंपल लिया गया और टीबीकुष्ठ रोग से बचाव एवं नियंत्रण हेतु जागरूकता लाने पाम्पलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक, आरएचओ, मितानीन सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत

# प्रतिभाओं को सीखने का अवसर दें: झा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एनटीपीसी में नैगम सामाजिक पहल के अंतर्गत 17 मई को बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 19 मई को हुआ।

- अभियान के तहत दिया जाएगा जीवन कौशल का प्रशिक्षण

इस अभियान में 31 परियोजना प्रभावित गांवों में से 50 स्कूलों की 117 बालिकाओं को शिक्षा खेलकूद जीवन कौशल विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एनटीपीसी सीपत प्रत्येक बैच से 10 प्रतिभावान बालिकाओं को परियोजना में स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में 12 वीं तक निः शुल्क शिक्षा प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के तहत पहले बैच की लड़कियों ने इस वर्ष अपनी 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए। इनमें से एक छात्रा साक्षी देवांगन ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 79% अंक प्राप्त किए। साक्षी ने अपनी यात्रा को साझा किया और एनटीपीसी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, अनिल शंकर शरण महाप्रबंधक (प्रचालन व अनुरक्षण), श्रीजित कुमार महाप्रबंधक सीपीजी-2 , सहित नम्रता शरण, अर्पिता पॉल संगवारी महिला समिति की उपाध्यक्ष व वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।



प्रतिभावान बालिकाओं के साथ उपस्थित अतिथि।

#### मंच का लाभ उठाएं बेटियां

अनिल शंकर शरण महाप्रबंधक (प्रचालन व अनुरक्षण) ने युवतियों को इस कार्यक्रम द्वारा प्रदान किए गए मंच का लाभ उठाने और अपनी पूर्ण क्षमता को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। जिससे उनके सपनों को उड़ान मिल सके। इन लड़कियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता योग स्वायत रक्षा कला और शिल्प प्रदर्शनी कला संचार के अलावा अकादमिक कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त होगा ताकि उनके विकास को संजीवनी मिल सके। इस पहल से बालिकाएं सकारात्मक परिवर्तन लाने समर्थ हो सके।

#### बच्चों की रुचि को पहचानना जरूरी

श्रीमती झा ने अपने भाषण में एनटीपीसी के बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें अवसर दें। बच्चों को पहचानना जरूरी है कि उनमें किस प्रकार की रुचि है। बच्चे भविष्य में परिवार के आधार स्तंभ है। वे दो कुलों को संरक्षित व ससंस्कृत करने वाली है। इन्हें शिक्षित करने से हमारा देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। बच्चों में सीखने की अपार क्षमताएं होती है। पालक उनके केवल पढ़ाई नही बल्कि सभी गतिविधियों में ध्यान दें। श्रीमती झा ने समाज के विकास में लड़कियों की मुख्य भूमिका पर जोर दिया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

तखतपुर। ट्रेक्टर चालक की लापरवाही से दूपहिया वाहन सवार की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार दैजा निवासी रतन सिंह मरावी का रिश्तेदार कार्तिक मरावी 18 मई की शाम 7 बजे दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 बीडी 1557 में अपने मित्र धर्मेंद्र पाण्डेय और रामबिलास पाटले के साथ करगी रोड़ कोटा से लौट रहा था। वे बीजा के पास पहुंचे थे तभी अज्ञात ट्रेक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। घटना में तीनों घायल हो गए। घटना स्थल पर कार्तिक की मृत्यु हो गई तथा सवार दो अन्य धर्मेंद्र और रामबिलास घायल हो गए जिन्हें उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ट्रेक्टर चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की बिक्री



फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की बिक्री करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कपसियाखुर्द निवासी मतंग लाल पटेल की जमीन को गांव के ही धमेंद्र भास्कर पिता हगरू भास्कर, राम रतन मरकाम पिता भुंगीराम द्वारा फर्जी पावर आफ अटारनी, फर्जी पर्ची बनवाकर बिक्री कर रहा था इसकी शिकायत प्रार्थी ने थाने में दी। शिकायत पर पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी रामरतन मरकाम को ग्राम कोड़ापुरी से घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। आरोपी रामरतन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है तथा दोनों आरोपीयों के खिलाफ कुटरचित कर जमींन की हेराफेरी करने के मामले में धारा ने धारा 420, 467, 468, 471, 419, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

## मृत्यु को भी अपने आधीन कर लेता है भगवत स्मरण

**पेंड्रा।** महामृत्युंजय आश्रम अमरकंटक में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन काशी से आए स्वामी सच्चिदानंद ने ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवत स्मरण में, जप में, त्याग में इतनी शक्ति है कि वह मृत्यु को भी अपने आधीन कर सकता है। ध्रुव जी ने मृत्यु के सिर पर पैर रखकर अपने धाम की यात्रा की।



स्वामी जी ने बताया कि प्रत्येक जीव मूल निवास परमात्मा ही है। उन्होंने बताया कि जब तक मानव जाति पृथ्वी पर रहेगी भगवान राम ही उसके आदर्श रहेंगे। नर्मदा नदी की उद्गम स्थली अमरकंटक स्थित स्वामी भजनानंद मृत्युंजय आश्रम में 16 से 22 मई तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक काशी (बनारस) से आए स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती महाराज अपनी सुमधुर व सारगर्भित वाणी से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रसपान श्रद्धालुओं को करा रहे हैं। स्वामी शारदानंद सरस्वती जी महाराज के पुण्य स्मरण एवं महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में यहां विद्वान पंडितों द्वारा प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक रुद्राभिषेक शिवार्चन किया जा रहा है, जिसका दर्शन श्रद्धालु कर सकते हैं। भागवत कथा समापन के अगले दिन 23 मई को नगर भंडारा, प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है।



अमरकंटक में भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ की पूजा करते श्रद्धालु।

### मथानीखुर्द में राम कथा कल तक

मुंगेली। ग्राम मथानी खुर्द में स्व. अनिल चंद्राकर के परिवारजन द्वारा 21 मई तक तीन दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। पांडातराई वाले पंडित सागर मिश्रा कथावाचक होंगे। वहीं कुंडा वाले पंडित अश्वनी शर्मा 21 मई को 7 अध्याय भागवत परायण करेंगे। सोमवार 20 मई को दिन में श्रीराम कथा और रात्रि 08 बजे शारदा भजन मंडली द्वारा सुंदरकांठ पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 21 मई को

## एक घंटे की बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**पेंड्रा।** रविवार की शाम जिले में अचानक मौसम का मिजाज बदला, मौसम के मिजाज बदलने से इलाके में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश लोगों के लिए आफत भी साबित हुई। कई जगहों पर पेड़ गिर गए जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बिजली के तार टूटने से विद्युत सप्लाई भी इलाके में बंद हो गई ।बारिश के दौरान जिले में कई इलाकों में बर्फबारी भी हुई। हालांकि भीषण गर्मी के बीच मौसम का बदला मिजाज लोगों को राहत तो दी लेकिन तेज हवाओं और आंधी ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया तो वहीं आज पेंड्रा में एक बड़ा हादसा भी टल गया। बारिश और आंधी के दौरान तुलसी स्वीट्स क़े पास एक विशालकाय नीलगिरी वृक्ष बंद पड़े कंट्रोल रूम पर गिर गया। वही यदि यह नीलगिरी वृक्ष मुख्य मार्ग की ओर गिरता तो एक बड़ा हादसा भी हो सकता था..इसके अलावा कई घरों के टीन शेड और छप्पर उड़ने औऱ पेड़ों क़े गिरने की भी खबर है। जिले में कुछ जगहों पर ओला वृष्टि भी हुई है।



आंधी से सड़क पर गिरा पेड़।

## सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का वाहक

**सकरी।** एक ओर जहां लोग अपने विभिन्न संस्कारों के आयोजन में प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हुए धन राशि का अपव्य कर पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण कर रहे हैं। ग्राम खरगहना में गोडवाना समाज द्वारा सोलह जोड़े का सामूहिक विवाह कार्यक्रम निश्चित तौर से प्रशंसनीय एवं समाज के लिए मिसाल है। संस्कारों का सामूहिक आयोजन सामाजिक समरसता का वाहक होता है। उक्त उदगार पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक ने खरगहना में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य के आसंदी से व्यक्त किए। सोसायटी केन्द्र खरगहना एवं महासभा तखतपुर के तत्वावधान में सोलह जोड़े दंपती का गोड़ी संस्कृति रीति रिवाज के अनुसार आदि शक्ति बूढ़ादेव की कृपा से हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मीनू सुमंत यादव, विशाल विक्की सिंह, गोविंद यादव, हेमंत यादव, दीपक रजक, मनोज यादव, आशीष केवर्त, शंकर यादव, दीपक यादव, अध्यक्ष गोडवाना महासभा जगन्नाथ ध्रुव मंचासीन थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोहर ध्रुव अध्यक्ष गोडवाना महासभा कोटा, जनपद सदस्य हीरा सिंह उईके, सरपंच तुलसीराम ओट्टी, नकछेद सिंह सिदार, शकुंतला अर्जुन मरावी, रजनी मोहन प्रताप मरकाम, छबिलाल मरावी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन साधराम ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन मेलाराम उईके ने किया।

- आदर्श सामूहिक विवाह में सोलह दंपती बंधे परिणय सूत्र में



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

### कार्यशाला 23 को

**मुंगेली।** डॉ. भीम राव आम्बेडकर आवासीय विद्यालय में बोर्ड परीक्षा 2024 में 75ः से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्रों के लिए बुद्ध जयंती पर एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेन्स कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 23 मई को प्रातः 10 बजे से दो सत्र में आयोजन किया जा रहा है।

## परशुराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**मुंगेली।** सर्व ब्राम्हण परिषद द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। परिषद की ओर से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर भ्रमण कर वापस नगर पालिका विद्यालय पहुंची जहां आराध्य भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना, महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।

विष्णु भगवान के छठवें अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव उपलक्ष्य में सर्व ब्राम्हण परिषद द्वारा पूजा-अर्चना गिरीश शुक्ला, अवधेश शुक्ला, पं. वीरेंद्र तिवारी, स्वतंत्र मिश्रा, रोहित शुक्ला द्वारा कर भव्य शोभयात्रा निकाली गयी। भगवान परशुराम के भव्य प्रतिमा के साथ ढोल, धुमाल, डीजे व आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा नगर पालिका स्कूल से निकल कर सरदार वल्लभ भाई पटेल सभा भवन होकर पुलपारा, पाठकपारा, बड़ा बाजार, गुरुद्वारा होते हुए मल्हापारा नंदी चौक, शंकर मंदिर से देवांगन पारा होते हुए मां परमेश्वरी बालानी चौक, महाराणा प्रताप चौक पड़ाव से होकर पुनः बालानी चौक से मलाई घाट, ठाकुरदेव मंदिर होकर परशुराम चौक पुराना बस स्टैण्ड फिर नगर पालिका स्कूल पहुँच कर सभा के रूप में परिणित हुई। जहां भगवान परशुराम की भव्य महा आरती विप्रजनों ने किया। परशुराम की झांकी व शोभायात्रा का जयस्तंभ चौक में प्रभात तिवारी, आशीष तिवारी, शशांक तिवारी, चन्द्रकला ने, आस्तिक मेडिकल के पास सागर पाठक, विनय मिश्रा, पुलपारा में स्वतंत्र मिश्रा, आशीष मिश्रा, सुनील पाण्डेय, सौरभ बाजपेयी, अनीश पाण्डेय, लेखनी पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, पाठक पारा में प्रमोद पाठक, शैलेश पाठक, विश्वनाथ पाठक, अरुण पाठक, सुनील पाठक, योगेश शर्मा, प्रशांत शर्मा, राजू पाठक, मनोज मिश्रा,सागर पाठक, दीपक तिवारी, उर्वशी पाठक, मंजुला शर्मा, रजनी पाठक, पूनम पाठक,स्वीटी पाठक, डॉ सरोज पाठक, उषा पाठक, अनिता तिवारी, पूनम चैबे, संध्या उपाध्याय, रानी मिश्रा, कल्पना मिश्रा, रश्मि तिवारी, आराधना तिवारी खेढ़ा, अमिता मिश्रा ने स्वागत किया। बड़ाबाजार में प्रिया प्रिंटिंग प्रेस परिवार ने संजीव गौरहा के नेतृत्व में कुल्फी, लस्सी आदि से शोभायात्रा में शामिल विप्रजनों का स्वागत किया।



## पुलिस टीम ने कॉपीराइट एक्ट के तहत की कार्रवाई

**मुंगेली।** क्षेत्र में चल रहे नकली समान बिजली तार बिक्री पर पुलिस द्वारा कापीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी द्वारा आर.आर. कंपनी का डुप्लीकेट तार को दुकान में बिक्री की जा रही थी। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा कापीराइट अधिनियम 1957 की धारा 6365 का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सालिकराम घृतलहरे के निर्देशन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली निरीक्षक तेजनाथ सिंह एवं स्टाफ के द्वारा 18 मई को प्रार्थी विशाल मंडल पिता स्व. सत्यनाराण मंडल उम्र 31 वर्ष पता अनाथ बाबू बजार लेन कलकत्ता पश्चिम बंगाल थाना बरतल्ला जिला कलकत्ता द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। आरोपी जय शक्ति इलेक्ट्रानिक्स एंड इलेक्ट्रिकल्स पता पंडरिया रोड सेंट जेवियर्स स्कूल पानी टंकी के पास जिला मुंगेली के मालिक सनद कुमार उम्र 38 वर्ष पिता मनी राम साहू पता ग्राम फंदवानी पोस्ट फन्दवानी थाना सिटी कोतवाली द्वारा हमारी कम्पनी एम/एस आरआर केबल के नाम से नकली तार बेचा जा रहा है। साथ में सस्ता एवं घटिया माल बेचकर कम्पनी की छवि धुमिल कर रहे है तथा कम्पनी को आर्थिक नुकसान किया जा रहा है। सरकार को सही से टैक्स ना देकर चोरी की जा रही है तथा स्वयं के द्वारा अपराधकारित करते हुए लाभ कमाया जा रहा है। आरोपी द्वारा आरआर कंपनी का डुप्लीकेट तार को दुकान में बिक्री करने के संबंध में है जो थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में धारा कापीराइट अधिनियम 1957 की धारा 6365 का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### जायसवाल दंपती ने लिया नेत्रदान का संकल्प

**बेलतरा।** बेलतरा निवासी स्व. कोलाई प्रसाद जायसवाल के पुत्र विकास जायसवाल एवं बहू नेहा जायसवाल ने नेत्रदान का संकल्प लिया है। जायसवाल दंपती ने विवाह की वर्षगांठ पर अपने परिजन की सहमति से सक्षम छत्तीसगढ़ प्रांत के महासचिव डा. अनूप पाण्डेय की उपस्थिति में राष्ट्रीय संस्था सक्षम फाउंडेशन को नेत्रदान का संकल्प पत्र भरकर दिया।



### :: आम सूचना ::

मैं अपने पक्षकार कि ओर से अधिकृत होकर उनसे प्राप्त सूचना के आधार पर आम जनता को सूचित करता हूं किः- यह कि ग्राम बिजौर, रा०नि०मं० मोपका, ह०प०नं. 30, तह. व जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नं. 192/1, 192/2, 192/3, 197, 198/2, 199/1, 201/1, 215/2, 215/3, 215/4 क्षेत्रफल क्रमशः 0.19, 0.55, 0.50, 0.60, 0.27, 0.30, 0.55, 0.64, 0.31, 0.31 जो कि राजस्व अभिलेखों में दिनेश गुप्ता एवं अनिल गुप्ता, पिता शिव कुमार गुप्ता के नाम पर दर्ज है। यह कि, उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार एवं उपरोक्त भूमि स्वामियों के मध्य निष्पादित हो गया है, जिसकी रजिस्ट्री भविष्य में होना तय है।

उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी न्यायालय में कोई विवाद उत्पन्न हो अथवा सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय संस्थान, सहकारी संस्था, प्रायवेट बैंक का कोई अधिकार निहित हो अथवा बंधक / भार द्वारा ऋण प्राप्त किया गया हो, तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवसों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति दर्ज करावें। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार भूमि का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।
अस्तु सूचना जाने।

भवदीय
(पंकज खेड़कर) अधिवक्ता
कार्यालय - पोस्ट ऑफिस गली, टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.) मो. न. - 9827177013

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार भारती कश्यप पति पवन कश्यप निवासी वार्ड 41 अमन, गंधर्व मोहल्ला स्कूल चौक बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन करती हूं कृपया अवगत होवे कि मेरे पक्षकार ने नोखराम तिवारी पिता स्व. गोवर्धन प्रसाद निवासी वार्ड नं. 43 मेलापारा चांटीडीह बिलासपुर छ.ग. से भूमि जो ग्राम सिरगिट्टी हल्का 41, रा.नि. सिरगिट्टी तह. व जिला बिलासपुर में स्थित ख.नं. 326/5, रकबा 0.0160 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया जा कर बयाना राशि दी जा चुकी है व निकट भविष्य में पंजीयन कराया जावेगा। इस पंजीयन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज सहित 7 दिनों के भीतर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करावे, समय सीमा व्यतीत होने पर की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
सो सूचना जाने।

भवदीया
सविता पंजाबी
अधिवक्ता
पंप हाउस के पास, राजेन्द्र नगर तिवारी चाल बिलासपुर मो. 9424150589

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-27/2023-2024
ग्राम अमेरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश माथुर पिता पुटुलाल वगै. निवासी हांफा तहसील सकरी के द्वारा ग्राम हांफा स्थित भूमि खसरा नंबर 1181/1, 1182 रकबा 0.020, 0.049 हे. आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि को 1/2 अंश से बराबर बराबर उभय पक्षों के मध्य खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 26.05.2024 को दिन के 10:30 बजे उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार अभिजीत भौमिक पिता श्री दिलीप कुमार भौमिक की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सूचना देता हूं कि उसके हक एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 789/11 रकबा 5232.00 वर्गफीट मौजा मोपका प.ह.नं. 19/22, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित है। उक्त भूमि का मूल विक्रय पत्र जो कि विक्रेता श्रीमती अर्चना गोरख पति श्री राहुल गोरख व क्रेता श्रीमती कृष्णा बाई पटेल पति पदुमलाल पटेल के मध्य निष्पादित है एवं उप पंजीयक बिलासपुर के कार्यालय में दिनांक 01.10.2011 को दस्तावेज क्रमांक 2598 द्वारा पंजीकृत है, घर की साफ सफाई के दौरान गुम हो गया है जिसकी सूचना पुलिस थाना सरकण्डा में दिनांक 18.05.2024 को दी चुकी है।

यह संपत्ति निकट भविष्य में एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमि. शाखा बिलासपुर द्वारा दिये जाने वाले ऋण के एवज में बंधक होना है। इस सम्बंध में किसी बैंक, गैर बैंकिंग फाइनेन्स कंपनी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति है तो अपनी आपत्ति निम्न लिखित पते पर 7 दिनों के अंदर दर्ज करा सकते है। उसके पश्चात की गयी आपत्ति मान्य नही होगी।

अशोक दुबे, अधिवक्ता
एल.आई.जी. 66
नेहरू नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9425543073

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

19 MAY -BSP- pg-5_Layout 1 5/19/2024 11:32 PM Page 1





*बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कियारा आडवाणी इन दिनों कॉन्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में अपना जलवा बिखेर रही हैं। सोशल मीडिया पर कियारा की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। आज अभिनेत्री रेड सी फिल्म फाउंडेशन के के गाला डिनर में शामिल हुईं। कान 2024 में पहली बार कियारा आडवाणी भाग ले रही हैं।*

# कॉन्स में जलवा बिखेर रही हैं कियारा

**मुंबई।** कियारा कॉन्स फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बन काफी खुश नजर आ रही हैं। वहीं आज अभिनेत्री 'वीमेन इन सिनेमा' के गाला डिनर में शामिल हुईं। इस दौरान वे गुलाबी रंग के गाउन में नजर आईं। पैपराजी से बातें करते हुए कियारा आडवाणी ने कहा, 'यह मेरे लिए बेहद खास क्षण है। इस साल बॉलीवुड में मेरे करियर के दस साल पूरे होने जा रहे हैं और इसी साल मैं पहली बार कान फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुई हूं। यह मेरे लिए गर्व की बात है'।

## शाइनी गाउन में ढाया कहर

दो बार ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली एमा स्टोन कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में काइंड्स ऑफ काइंडनेस के प्रीमियर में पहुंचीं, जो पुअर थिंग्स के राइटर और निर्देशक योर्गोस लैंथिमोस के साथ उनकी तीसरी फिल्म है। उन्होंने बरगंडी कलर की शाइनी गाउन में रेड कार्पेट पर उतरते ही लोगों की अटेंशन अपने नाम कर ली। उन्हें देखने के बाद शायद आप ऐश्वर्या राय का लुक भी भूल जाए यहां तक कि एक्ट्रेस की क्यूटनेस के आगे आलिया भट्टा भी कुछ नहीं लगेंगी। यकीन नहीं आता तो खुद ही देख लीजिए।





## सेलेना को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

वोग मैगजीन ने बताया कि सेलेना गोमेज और उनके को-स्टार्स को उनकी फिल्म 'एमिलिया पेरेज' के लिए 9 मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला। इसके बाद सेलेना ने रेड कार्पेट पर भी धूम मचाई। मालूम हो कि सेलेना टैलेंट की खान हैं। सिंगर होने के साथ-साथ वो सॉन्ग राइटर, एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर और बिजनेसवुमेन भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



## पहली बार बिना वेडिंग रिंग के दिखे

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार बेन एफ्लेक इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि बेन एफ्लेक और उनकी सुपर स्टार सिंगर पत्नी जेनिफर लोपेज के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों पिछले एक महीने से अलग घरों में रह रहे हैं। वहीं हाल में बेन एफ्लेक ने कुछ ऐसा किया है जिससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि बेन और जेन के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज की जोड़ी हॉलीवुड के मशहूर जोड़ियों में से एक हैं।



## हैली ने क्रॉप टॉप में फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन फेमस सिंगर जस्टिन बीबर और हैली बीबर ने बीते दिनों कुछ फोटोज शेयर कर फैंस को बताया था कि वह जल्द पेरेंट्स बनने वाले हैं। ऐसे सोशल मीडिया पर इस कपल के चाहने वालों ने इन्हें ढेर सारी बधाइयां भी दी। इस खबर के बाद ने हैली अपनी प्रेगनेंसी को काफी एन्जॉय कर रही हैं। हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ फोटो शेयर की थी, जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही थी। वहीं अब एक बार फिर इस कपल को डेट नाइट पर स्पॉट किया गया। देर रात हैली बीबर और उनकी पति जस्टिन को साथ एक डेट नाइट पर स्पॉट किया गया। इस मौके पर हैली अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आई।



## 'चंदू चैंपियन' के ट्रेलर की हुई मुरीद...

**मुंबई।** कबीर खान निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' का ट्रेलर 18 मई को लॉन्च कर दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फिल्म के मुख्य अभिनेता कार्तिक आर्यन के गृहनगर ग्वालियर में किया गया। एक तरफ, जहां दर्शक अभिनेता से आश्चर्यचकित थे। वहीं बी-टाउन दिवा कैटरीना कैफ भी इससे काफी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने निर्देशक की प्रशंसा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और बड़े पर्दे पर फिल्म देखने के लिए उत्साह व्यक्त किया है। कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन का ट्रेलर देखने वाले लोगों में बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ भी शामिल थीं। वह इस ट्रेलर से इतनी प्रभावित हुईं कि बिना किसी देरी के उन्होंने निर्देशक कबीर खान के लिए एक सराहना पोस्ट कर कर दिया।



## 'विश्वंभरा' की शूटिंग पूरा करने की तैयारी में

**मुंबई।** मेगास्टार चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'विश्वंभरा' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर अपडेट सामने आया है, जिसने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया। 'विश्वंभरा' की शूटिंग तेजी से चल रही है। चिरंजीवी और अन्य कलाकारों के साथ एक्शन सीन्स बड़े पैमाने पर शूट किए जा रहे हैं। वहीं अब फिल्म को लेकर ताजा खबर है कि निर्माता जल्द ही इसकी शूटिंग पूरी करने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म विश्वंभरा की पूरी शूटिंग जून के अंत तक खत्म हो जाएगी। निर्माता बचे हुए हिस्सों को नए शेड्यूल के साथ पूरा करने की योजना बना रहे हैं, जो काफी लंबा बताया जा रहा है।

## टीवी मसाला



## 'खतरों के खिलाड़ी 14' से बाहर हुए समर्थ जुरेल

**मुंबई।** 'खतरों के खिलाड़ी' का सीजन 14 जल्द ही शुरू होने वाला है। हर बार की तरह इस बार भी शो के प्रतिभागी खतरनाक स्टंट करने के लिए तैयार है। लोग इस शो को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही इस नए सीजन के प्रतिभागियों का एलान किया गया था। इसी बीच शो के एक प्रतिभागी को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो के 14वें सीजन में दर्शकों को समर्थ जुरेल के स्टंट देखने को नहीं मिलेंगे। दरअसल, उनके घुटने में चोट लग गई है। इस वजह से उन्होंने शो से अपना नाम वापस ले लिया है। उनके चाहने वालों के लिए निश्चित तौर पर यह एक बुरी खबर है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शो के बाकी प्रतिभागी 22 मई को मुंबई से रोमानिया के लिए रवाना होंगे।

## कानूनी विवाद के बाद बदलेगा रणबीर की फिल्म का नाम

**मुंबई।** अल्लू मंटेना मीडिया वेंचर्स एलएलपी की 'प्रोजेक्ट रामायण' नाम से शुरू हुई कोशिशों पर बन रही फिल्म 'रामायण' का अब नाम बदल सकता है। फिल्म का सारा कारोबार इन दिनों प्राइम फोकस और उनके साथ



फिल्म से निर्माता के तौर पर जुडे अभिनेता यश संभाल रहे हैं। फिल्म से इसके शुरुआती निर्माता मधु मंटेना और अल्लू अरविंद हाथ खींच चुके हैं। फिल्म की शूटिंग बंद है और इसके नए निर्माता फिल्म के लिए देश-विदेश में नए निवेशक तलाश रहे हैं। निर्माता मधु मंटेना ने नितेश तिवारी के साथ मिलकर फिल्म 'रामायण' पर साल 2019 में काम शुरू किया था। तब ये फिल्म तीन हिस्सों में बननी थी, पार्ट वन का काम तभी शुरू हो गया था लेकिन फिल्म के लिए निवेशक न मिलने के चलते ये फिल्म अब तक आधिकारिक रूप से शुरू नहीं हो सकी है। फिल्म के लुक टेस्ट के लिए खींची गई तस्वीरों और वीडियो को फिल्म की शूटिंग शुरू होने के नाम पर खूब प्रचारित किया जा रहा है।

## आमिर की जगह सलमान बनने वाले थे 'गजनी'

**मुंबई।** आमिर खान की फिल्म 'गजनी' हिंदी की पहली वो फिल्म थी, जिसने सौ करोड़ रुपए की कमाई की थी। 'गजनी' में प्रदीप रावत ने विलेन की भूमिका अदा की थी। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि फिल्म के निर्देशक एआर मुरुगादॉस पहले सलमान खान को फिल्म में कास्ट करना चाहते थे। प्रदीप रावत ने सलमान को कास्ट करने के मसले पर अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि सलमान खान को 'गजनी' में लेना सही फैसला होता। उनका कहना था कि सलमान खान को जल्दी गुस्सा आ जाता हैं। प्रदीप रावत 'सरफरोश' फिल्म में आमिर खान के साथ काम कर चुके थे। अपने अनुभव के आधार पर उन्होंने बताया कि आमिर खान स्वभाव से शांत हैं। वो सभी से अच्छा व्यवहार करते हैं और उन्हें फिल्म में लेना सही होगा। प्रदीप ने याद करते हुए बताया कि उन्होंने 25 सालों में कभी भी आमिर खान को किसी पर चिल्लाते हुए नहीं देखा और न ही किसी का अपमान या फिर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए नहीं देखा।



## दिवाली पर सिनेमाघरों में धमाका करेगी सूर्या की 'कंगुवा'




*मुंबई। दक्षिण भारतीय अभिनेता की फिल्म 'कंगुवा' का प्रशंसक बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। अपने निर्माण और स्टार कास्ट को लेकर यह फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म को इस साल दिवाली पर रिलीज करने के लिए निर्माता विचार कर रहे हैं। साल 2022 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी गई थी। अब फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम तेजी के साथ हो रहा है। बताया जा रहा है कि 'कंगुवा' के पोस्ट प्रोडक्शन का आखिरी भाग अभी बचा हुआ है। शुरुआत में निर्माताओं ने बताया था कि इस साल गर्मी के मौसम में फिल्म सिनेमाघरों में आ जाएगी, लेकिन पोस्ट प्रोडक्शन का काम टल जाने के कारण फिल्म की रिलीज में देरी हो गई। हालांकि, फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा अभी बाकी है।*

## अनुष्का शेट्टी प्रभास नहीं, कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से करेंगी शादी!



**मुंबई।** 'बाहुबली' की देवसेना यानी अनुष्का शेट्टी को लेकर जो खबर आई है, उससे फैंस को झटका लग सकता है। खासकर, उन फैंस को जो प्रभास के साथ उनकी शादी का सपना देख रहे हैं। दरअसल, ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि अनुष्का शेट्टी एक्टर प्रभास से नहीं बल्कि एक कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से शादी करने वाली हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अनुष्का शेट्टी की प्रोड्यूसर से सगाई भी हो चुकी है। शादी इस साल के आखिर तक हो जाएगी। यह खबर वाकई प्रभास-अनुष्का के फैंस का दिल तोड़ने वाली है। अब तक फैंस को लग रहा था कि अनुष्का शेट्टी, प्रभास को डेट कर रही हैं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं और कई फिल्मों में साथ काम किया। 'बाहुबली' सीरीज में प्रभास और अनुष्का की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था, और उसी के बाद से उनकी डेटिंग की खबरें आने लगी थीं। यहां तक कि उनकी शादी की भी चर्चा होने लगी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अनुष्का शर्मा की एक कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर के साथ सगाई हो चुकी है, और दोनों की इस साल के आखिर तक शादी हो जाएगी। लेकिन अभी तक इसे लेकर एक्ट्रेस या उनके परिवार की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस प्रोड्यूसर से अनुष्का की शादी होने वाली है, उसकी उम्र 42 साल है और अनुष्का शेट्टी भी 42 साल की हैं। वहीं, प्रभास और अनुष्का की बात करें तो दोनों की जोड़ी तो तेलुगू सिनेमा की हिट जोड़ी माना जाता है। फैंस रियल लाइफ में भी इस जोड़ी को हमेशा से साथ देखना चाहते थे।

## बिग बी को समझ नहीं आया था 'सरकार' का 'गोविंदा' गाना

**मुंबई।** सिनेमा प्रेमियों के बीच राम गोपाल वर्मा की पहचान 'सत्या' और 'सरकार' फिल्म से है। ये दोनों राम गोपाल वर्मा के करियर की सबसे शानदार फिल्में है। अक्सर किसी न किसी बातचीत में राम गोपाल से इन फिल्मों को लेकर सवाल पूछ लिया जाता है। हाल ही में, उन्होंने एक बार फिर से 'सरकार' फिल्म से जुड़े कुछ किस्से साझा किए हैं। राम गोपाल वर्मा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक साक्षात्कार अपलोड किया है, जिसमें उन्होंने 'सरकार' फिल्म पर बातचीत की है। राम गोपाल वर्मा ने कहा कि जब अमिताभ बच्चन ने 'गोविंदा गोविंदा' गाने को सुना था तो उन्हें यह समझ ही नहीं आया था। रामू ने बिग बी को बताया कि 'गोविंदा गोविंदा' भगवान कृष्ण के संदर्भ में इस्तेमाल किया गया है। फिल्म में अमिताभ का किरदार कुछ जोड़-तोड़ करने वाला है। वो भी कृष्ण की तरह ही शक्तिशाली हैं। इसलिए इस शब्द को एक प्रतीक के तौर पर इस्तेमाल करने का फैसला लिया है।



19 MAY -BSP- pg-6_Layout 1 5/19/2024 11:39 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### बेतरतीब पाइप लाइन और गड्ढे बन रहे मुसीबत



**बिलासपुर।** सिम्स के सामने नगर निगम द्वारा पाइप लाइन का काम कराया जा रहा है, लेकिन इस दौरान लोगों की सुविधा को दरकिनार कर दिया गया है। दरअसल पाइप लाइन के लिए सड़क पर गड्ढा कर दिया गया है, वहीं निर्माण कार्य होने का कोई बोर्ड प्रदर्शित नहीं किया गया है, वहीं सड़क सुरक्षा के मानकों की अनदेखी भी की जा रही है, जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

### सांप काटने से बच्चे सहित मां की मौत

**बिलासपुर।** गर्मी के चलते सांप काटने की घटनाएं गांव में बढ़ चुकी हैं। सांप काटने के बाद सिम्स में इलाज करा रहे मां और बेटी की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है और शव की सुपुर्दगी परिजन को दे दी है। मामला पामगढ़ के कोसी गांव का है। जहां 16 मई की रात को घर में सो रहे महिला और उसके बच्चे को सांप ने डस लिया। पुलिस के अनुसार 36 वर्ष महिला पूजा कुर्रे पति राजू कुर्रे घर में सो रहे थे, इस दौरान जहरीले नाग ने उसे डस लिया, बाजू में सो रहे बच्चे पर भी सांप ने हमला कर दिया। इस दौरान परिजनों ने मां और बेटे को सिम्स में भर्ती कराया। सांप का जहर फैलने की वजह से पूजा की मौत दूसरे दिन ही हो गई थी। वहीं बच्चे का इलाज सिम्स में चल रहा था, लेकिन जहर के रविवार की सुबह बेटे आर्यन उम्र साढ़े 4 साल की भी मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कराया है और पीएम करा कर परिजनों को शव सौंप दिया है।





### नाबालिग को भगाकर अनाचार, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा ने बताया, 15 मई को कोटा क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग घर में बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजन के द्वारा थाने में रिपोर्ट लिखाई गई। जांच में पता चला कि नाबालिग गनियारी में है। पुलिस ने दबिश देकर नाबालिग को बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने बताया, तखतपुर राजपुर निवासी धनंजय उर्फ भोला पिता परमेश्वर नेताम 24 साल बहला फुसलाकर उसे घर से भगाकर ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया है। पुलिस ने जांजगीर में दबिश देकर धनंजय उर्फ भोला को गिरफ्तार कर लिया है।

## नई सरकार का निर्देश

### पिछली सरकार के अप्रारंभ कार्यों को लेनी होगी वित्तीय स्वीकृति

# नहीं बनेगा टाउनहाल के पीछे दोमंजिला ऑडिटोरियम, निर्माण कार्य निरस्त करने नगर निगम ने राज्य शासन को भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टाऊनहाल के पीछे खाली पड़ी जमीन पर दोमंजिला ऑडिटोरियम निर्माण का मामला टांय-टांय फिस्स हो गया है। कार्य शुरू नहीं होने के कारण नगर निगम ने ऑडिटोरियम निर्माण की फाइल निरस्तीकरण के लिए शासन को भेज दिया है। इस तरह करीब 5 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से बनने वाला ऑडिटोरियम पुनः वित्तीय स्वीकृति नहीं मिलने पर नहीं बन पाएगा।

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद प्रदेश की वित्तीय स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने पिछले सरकार के समय के अप्रारंभ कार्यों को निरस्त करने और पूर्व में स्वीकृत कार्यों को पुनः वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद ही प्रारंभ करने के निर्देश जारी किए थे। इसके बाद पिछली सरकार के स्वीकृत ऐसे सारे काम रूक गए जो शुरू नहीं हो पाए थे। इसमें नगर निगम का एक बड़ा काम टाऊनहाल के पीछे बनने वाला भव्य ऑडिटोरियम भी शामिल है। नगर निगम ने इस कार्य को अप्रारंभ की सूची में डाल दिया है और ऑडिटोरियम निर्माण कार्य के निरस्तीकरण के लिए शासन को फाइल भेजा गया है। इस तरह से फिलहाल टाऊनहाल के पीछे नया ऑडिटोरियम बनाने का मामला टांय-टांय फिस्स हो गया है। अब नगर निगम इस काम के लिए नए सिरे से शासन से पुनः स्वीकृति लेगी और शासन स्वीकृति प्रदान करेगी तभी ऑडिटोरियम निर्माण का रास्ता साफ हो पाएगा।

- 5 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से बनना था ऑडिटोरियम

### सामान्य सभा के लिए चाहिए बड़ा हाल

पहले नगर निगम की सामान्य सभा टाउनहाल के मीटिंग हाल में होती थी। नगर निगम में शहर के आसपास के तीन नगरीय निकाय समेत 15 ग्रामीण इलाकों को शामिल किए जाने के बाद पार्षदों की संख्या बढ़कर 70 हो गई है। उनके अलावा एल्डरमैन भी सामान्य सभा में बैठते हैं। इसलिए यहां सामान्य सभा के लिए जगह छोटी पड़ने लगी है। जगह की कमी की वजह से ही निगम द्वारा लखीराम ऑडिटोरियम में सामान्य सभा कराई जाती है। इसी वजह से एक नए ऑडिटोरियम निर्माण की प्लानिंग की गई थी और ऑडिटोरियम निर्माण का प्रस्ताव पिछली सरकार के मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल था।



### बिल्हा जनपद पंचायत की है जमीन

नगर निगम टाऊनहाल के पीछे खाली पड़ी जमीन बिल्हा जनपद पंचायत की है। नगर निगम द्वारा इस खाली जमीन की मांग बिल्हा जनपद पंचायत से की गई थी। इस जमीन के बदले में दूसरी जगह पर जमीन या नया बस स्टैंड के पास दुकान देने की पेशकश भी निगम ने बिल्हा जनपद पंचायत से की थी। लेकिन बिल्हा जनपद पंचायत से नगर निगम को जमीन अभी तक नहीं मिल पाई है। दूसरी तरफ जनपद पंचायत की जमीन पर ऑडिटोरियम निर्माण कराने के लिए नगर निगम द्वारा जल्दबाजी में टेंडर प्रक्रिया भी कर दी गई थी।

### टाउनहाल के पीछे की खाली जमीन पर पड़ा है कबाड़

टाऊनहाल के पीछे खाली पड़ी जमीन पर ऑडिटोरियम बनाने का निर्णय लिया गया था। निगम के जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारियों ने इसे फाइनल किया था। वर्तमान में ये खाली जमीन नगर निगम द्वारा कबाड़ रखने के काम आ रही है। इस खाली जमीन में कबाड़ लोहा, टूटे फर्नीचर, लकड़ी एवं टाऊनहाल में जो काम चल रहा था उसका मलबा पड़ा हुआ है।

### निरस्तीकरण के लिए भेजा

शासन के नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से ये निर्देश आया था कि जो पूर्व के स्वीकृत अप्रारंभ कार्य हैं, उन्हें रोका जाए और पुनः वित्तीय स्वीकृति लेकर ही कार्य कराया जाएगा। इसलिए टाऊनहाल के पीछे जो नया ऑडिटोरियम बनना था, उसका काम शुरू नहीं हो पाया था, जिसके चलते अप्रारंभ कार्य की सूची में होने के चलते निरस्तीकरण के लिए शासन को भेजा गया है।

-**खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### शहर में जितनी सड़कें वह पुरानी, नई योजनाओं पर अधिक काम नहीं हो सका

# 24 सालों में 5 शहर सरकारें बदलीं, मास्टर प्लान में 5 बाइपास रोड, कब्जे ने रोका काम

## निगम और पीडब्ल्यूडी ने बीते 15 वर्षों में एक बार भी बेहतर प्रयास नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की ट्रैफिक समस्या को दूर करने निगम, स्मार्ट सिटी और पीडब्ल्यडी ने शहर के अंदर से 5 बाइपास सड़कों के निर्माण की योजना बनाई गई लेकिन कब्जे के कारण मुश्किल हो रही है। शहर के मास्टर प्लान में भी पांच स्थानों पर बाईपास रोड बनाने का प्रस्ताव है। इसमें से सिर्फ एक वेयर हाउस रोड के सामने मिट्टी तेल गली से नेहरू नगर तक वाली सड़क का काम पूरा किया है। बाकी पर काम अटक गया है।

- 16 हजार रुपए हाइवा तो 3500 रुपए प्रति ट्रैक्टर भाव बिक रहा

मरीमाई रोड पर कब्जे के कारण काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। इमलीपारा बाईपास रोड के एप्रोच रोड की चौड़ाई बढ़ाने का काम पेंडिंग हैं। दोनों सड़कें बन जाएं तो लिंक रोड का 50 फीसदी ट्रैफिक डायवर्ट हो जाएगा। वहीं दोनों रोड पर व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और बस्ती के अंदरुनी हिस्से का विकास होगा। लिंक रोड से दीप होटल जाने वाली सड़क भी नहीं बन सकी और कचरे का अंबार लगा हुआ है। बसंत विहार चौक में जाम लगता है, वहां से अपोलो जाने वाले रास्ते में एक सड़क बननी थी जिस पर अभी काम शुरू नहीं हो सका है।

शहर में सड़कों के चौड़ीकरण के लिए नगर निगम और पीडब्ल्यूडी ने बीते 15 वर्षों में एक बार भी बेहतर प्रयास नहीं किया है। वर्तमान में शहर में जिनती सड़कें हैं, वह पुरानी है। इन सड़कों के सौंदर्यीकरण का ही प्रयास हुआ है। शहर के कोन्हेर गार्डन से लेकर गांधी चौक तक की सड़क सबसे संकरी है। इस सड़क पर सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक जाम की स्थिति रहती है। यहां संभाग के सबसे पुराने बाजारों में शनिचरी कपड़ा मार्केट, गोल बाजार, सदर बाजार,सराफा मार्केट मुख्य है। खरीदारी का सबसे बड़ा क्षेत्र होने के बाद भी यहां की सड़कों और तंग गलियों का विकास नहीं हुआ है।



मरीमाई जाने वाली सड़क का काम अभी भी अधूरा पड़ा है।

### वसंत विहार चौक में फंसती हैं गाड़ियां

वसंत विहार चौक के पास शाम को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। यहां की दुकानों को हटाने की योजना बन चुकी है। हाई कोर्ट ने मामले में संज्ञान भी लिया था, क्योंकि यहां से अपोलो जाने वाली सड़क है। जाम के लिए यहां एंबुलेंस फंसती है। सरकंडा और मोपका की ओर से जो गाड़ियां अपोलो की ओर मुड़ती हैं, उन्हें दिक्कत होती है, क्योंकि दुकानों के सामने गाड़ियां रहती हैं। बाजार की भीड़ रहती है।

### सिम्स चौक से गांधी चौक तक लगातार जाम

शहर की संकरी सड़कों और तंग गिलियों के कारण लगातार लोग परेशान हो रहे हैं। सिम्स चौक से गांधी चौक की दूरी करीब 3 किलो मीटर है, लेकिन यहां से दिनभर में 5 लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। दिन में इस सड़क पर लगातार जाम की स्थिति रहती है। 3 किलो मीटर की दूरी तय करने में कार चालकों को एक घंटा लग रहा है। त्यौहारी सीजन में खासकर शहर की सड़कों पर सिर्फ पैदल चला जा सकता है। संभाग के सबसे बड़े बाजार यहां होने के कारण बड़े व्यापारी खरीरदारी करने शहर आते हैं। साथ ही त्यौहार में खरीदारी करने और फुटपाथ पर छोटी दुकानें लगाने वालों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क पर जाम लगता है और लोग कई घंटों तक फंसे रहते हैं।

### कब्जे ने रोका मरीमाई रोड का काम

बेजा कब्जा के चलते मरीमाई बाईपास रोड चौड़ीकरण का काम फिर रूक गया है। रोड के दोनों किनारे मकान, दुकान और होटल का अतिक्रमण है। नगर निगम के सभापति शेख नजीरुद्दीन की पहल पर कब्रिस्तान और मरीमाई मंदिर की बाउंड्री संचालन समितियों ने हटा दी है। जिस हिस्से में अतिक्रमण हट चुका है, वहां नाली और फुटपाथ निर्माण हो चुका है। आगे के हिस्से में लेकिन काम बंद है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानियां हो रही हैं। मरीमाई रोड बन जाने से तालापारा से व्यापार विहार की दूरी डेढ़ किलोमीटर कम हो जाएगी। इससे समय और ईंधन की बचत होगी। दरअसल लिंक रोड का ट्रैफिक डायवर्ट करने तथा तालापारा से पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग और व्यापार विहार तक आसान पहुंच के लिए मरीमाई बाईपास रोड के चौड़ीकरण का काम शुरू कराया गया है। 2 करोड़ की राशि भी जारी हुई है। वर्तमान में व्यापार विहार पहुंचने के लिए लोगों को सत्यम चौक, अग्रसेन चौक और श्रीकांत वर्मा मार्ग तक तीन ट्रैफिक सिग्नल पार करना पड़ता है।

### नहीं बनी आज तक योजना

शहर की तंग गलियों और संकरी सड़कों के चौड़ीकरण के लिए निगम और प्रशासन ने कोई बेहतर योजना नहीं बनाई। राज्य की स्थापना के बाद 23 वर्षों में 5 शहर सरकारें बदल चुकी हैं। 4 बार की सरकार संकरी सड़क की समस्या का समाधान करने के बार भी सामने नहीं आई है। शहर में लगातार वाहनों की रफ्तार बढ़ रही है। आरटीओ कार्यालय के अनुसार बीते 3 वर्षों में 1 लाख से अधिक चार पहिया वाहनों की संख्या बढ़ी है। इसके साथ ही 3 लाख से अधिक दो पहिया वाहनों की संख्या बढ़ी है। इन वाहनों के चलने के कारण सड़क पर लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

# ढाबा संचालक के घर से 3 लाख कैश और जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ढाबा संचालक के घर से 3 लाख रुपए नकद व जेवर चोरी हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, मोहतरा निवासी जितेन्द्र खांडेकर नेशनल हाइवे में ढाबा चलाते हैं और वहीं पीछे में परिवार के साथ रहते हैं।

शनिवार को उनकी मां सरोखन बाई ने परिचित के यहां शादी में जाने के लिए जेवर निकालने आलमारी खोला तो उसके लॉकर में रखे करीब साढ़े तीन लाख के सोने-चांदी के जेवर व जमीन बेचकर रखे गए 3 लाख रुपए नकद चोरी हो गए थे। जेवर व नकद रकम चोरी होने से घर में हड़कंप मच गया। उनके घर में रहने वाला रिश्तेदार देव सिंह गायब था। देव सिंह उनके घर में रहकर श्री खांडेकर के पिता की देखरेख करता था। श्री खांडेकर ने थाने में चोरी की रिपोर्ट में रिश्तेदार देव सिंह पर जेवर व नकद चोरी करने का संदेह जाहिर किया है। पुलिस ने देव सिंह के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। बहरहाल पुलिस चोर को नहीं पकड़ पाई है।






घटनास्थल जहां हुई चोरी।

### मंदिर की दानपेटी से नकद चोरी

कोटा पुलिस के अनुसार, बेलगहना कोनचरा बाजारपारा निवासी भुवन प्रसाद पटेल गांव के शाकंभरी माता मंदिर के सदस्य हैं। 16 मई की रात गांव के लोग मंदिर में ताला लगाकर अपने अपने घर चले गए। दूसरे दिन धनसाय पटेल पूजा करने मंदिर गए तो चोरी की जानकारी हुई है। दानपेटी से नकद, साइंड सिस्टम चोरी हो गया था। पुलिस ने भुवन की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# रास्ता रोककर छात्र से मारपीट कर हथौड़ी से हमला: जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** रास्ता रोककर छात्र से मारपीट कर हथौड़ी से हमला कर दिया गया है। घायल छात्र को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, पौंसरा निवासी अश्वनी कुमार प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उनका भाई विकास कुर्रे किसी काम से शहर आया था। काम निपटाने के बाद वह घर लौट रहा था। बनियाडीह के पास पौंसरा निवासी गणेश, दुर्गेश सूर्यवंशी ने उसका रास्ता रोककर गाली गलौज कर मारपीट करते हुए हथौड़ा से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने भाई अश्वनी कुमार की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अपोलो में इलाज के लिए कराया गया भर्ती

# ड्यूटी से घर लौट रही महिला एएसआई को पीछे से कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात ड्यूटी करने के बाद एक्टिवा से घर लौट रही महिला एएसआई को पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, सिरगिट्टी थाने में पदस्थ महिला एएसआई ईश्वरी मिश्रा शनिवार की रात 12.30 बजे ड्यूटी करने के बाद एक्टीवा से घर लौट रही थी। तिफरा ओवरब्रिज के ऊपर पीछे से तेज रफ्तार में आ रही स्विफ्ट डिजायर क्रमांक सीजी 28 एल, 3206 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनके एक्टिवा को टक्कर मार दी।

हादसे में श्रीमती मिश्रा के सिर में गंभीर चोट आई है। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल एएसआई श्रीमती मिश्रा को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। उनका आईसीयू वार्ड में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# शादी करने का दबाव बनाने पर टंगिया से मारकर प्रेमिका की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक माह रिलेशनशिप में रहने के बाद प्रेमिका ने शादी कर अपने घर में रखने का दबाव बनाया तो प्रेमी ने टंगिया से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कोटा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, ग्राम अमाली निवासी अंजू यादव 22 साल की गांव के गुलशन यादव 23 साल के साथ प्रेम संबंध था। दोनों ने अपने घरों में शादी करने के लिए बातचीत की। दोनों घरवालों ने शादी करने से इनकार कर दिया। इससे 1 माह पूर्व में गुलशन यादव प्रेमिका अंजू को उसके घर से भगाकर गांव में किराए के मकान लेकर रह रहा था। अंजू उस पर शादी कर अपने घर में रखने के लिए दबाव बनाती थी। जिसको लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होते रहता था। रविवार को दोपहर में अंजू ने फिर से गुलशन को शादी कर अपने घर ले जाने की बात कही। इस पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। इस दौरान आक्रोशित होकर गुलशन ने अंजू पर टंगिया से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अंजू की चीख सुनकर आसपास के रहने वाले लोग उसके घर गए तो उसकी खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पड़ोसी व परिजन से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने गांव में दबिश देकर प्रेमी गुलशन यादव को पकड़ लिया है। पुलिस ने धारा 302 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



- एक माह से दोनो थे रिलेशनशिप में
- शादी कर अपने घर ले जाने पर हुआ विवाद

### मच्छर व गंदगी से वार्डवासी परेशान

**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र के लोग गंदगी और मच्छर से परेशान हो गए हैं। सफाई नहीं होने की वजह से हर ओर गंदगी और मच्छर हो गए हैं। शिकायत के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वार्डवासी पार्षदों से कई बार साफ सफाई के लिए गुहार लगा चुके हैं, लेकिन पार्षद कर्मचारी की कमी सहित अन्य कई बहाने बनाकर साफ सफाई की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

कैंसर सर्जरी पश्चात अंगों का पुन:निर्माण (जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# कोतवाली परिसर में नहीं बना स्टाफ क्वार्टर व थाना भवन

**बिलासपुर।** स्मार्ट सिटी द्वारा कोतवाली परिसर में लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया गया है। लेकिन जिस थाना परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाया गया है, वहां पर अभी तक नया थाना भवन और पुलिस स्टाफ क्वार्टर का निर्माण नहीं कराया गया है। थाना भवन और स्टाफ क्वार्टर के लिए फाउंडेशन के बाद से काम बंद है।

कोतवाली थाना परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग के अलावा स्मार्ट सिटी द्वारा परिसर में ही नया थाना भवन एवं पुलिस स्टाफ क्वार्टर भी बनाना था, किन्तु स्मार्ट सिटी थाना भवन एवं स्टाफ क्वार्टर बनाना भूल ही गई है। मल्टीलेवल कार पार्किंग निर्माण जब शुरू हुआ था उसी समय थाना एवं स्टाफ क्वार्टर के लिए फाउंडेशन का कार्य चालू हुआ था, किन्तु फाउंडेशन के बाद से काम बंद पड़ा है। कोतवाली की जमीन पर कब्जा पुलिस विभाग का था और यह जमीन वास्तविक में लोक निर्माण विभाग की थी। लोक निर्माण विभाग ने तो स्मार्ट सिटी को मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिए एनओसी दे दी थी, किन्तु पुलिस विभाग ने पहले इस पर आपत्ति थी। बाद में पुलिस विभाग ने नया थाना भवन एवं पुलिस क्वार्टर के बनाने के शर्त पर स्मार्ट सिटी को कोतवाली परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने एनओसी दे दी थी।



### फाउंडेशन के बाद का काम रूका

कोतवाली परिसर में नया थाना भवन और पुलिस स्टाफ क्वार्टर के लिए मल्टीलेवल पार्किंग में बनी दुकानों से पैसा आएगा। फिलहाल मामला कोर्ट में चल रहा है इसलिए पैसा नहीं आ पाया है। थाना भवन, स्टाफ क्वार्टर का फाउंडेशन के आगे काम रूका हुआ है।

-**सुरेश बरूआ**, प्रोजेक्ट इंजीनियर, स्मार्ट सिटी

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411